RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www. bordernewsmirror.com

बॉर्डर न्यूज मिरर


"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 268 , शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com





छठ-दिवाली पर घर लौटे प्रवासियों व पूर्व में दवा से वंचित लोगों को खिलाई जा रही फाइलेरिया... 03



36 हजार बच्चों के छूटे पोलियो टीकाकरण पर सिविल सर्जन सख्त, मांगा जवाब 04

आयुष्मान-शरवरी की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का छठ गीत 'बुलाए... 07

संक्षिप्त समाचार

घाटी से लापता दोनों स्पेशल पुलिस ऑफीसर के शव मिले

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मारवाह के जंगल में बुधवार शाम को लापता हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो एसएचओ के शव मिले हैं। दोनों शव गोलियों से छलनी हैं। उनके पास 60 राउंड वाली एक इंसास राइफल और 50 राउंड वाली एक 303 राइफल थी। दोनों के ही हथियार गायब हैं। दोनों आर्मी के साथ इलाके में सर्चिंग के लिए गए थे। जब वे लापता हुए थे, तब जंगल से फायरिंग की



आवाजें भी सुनाई दी थीं। मृतकों की पहचान रशपाल कुमार और बाबी चंद के रूप में हुई है। दोनों एसएचओ के लापता होने के दौरान इसी इलाके में एयरटेल नेटवर्क सेवाएं बाधित होने की जानकारी भी सामने आई थी। एयरटेल कंपनी ने इसी साल 10 मार्च को मरवाह इलाके में पहली बार मोबाइल नेटवर्क सेवा शुरू की थी। 15 अक्टूबर 2026 को बशीर अहमद किश्तवाड़ के त्रिगाम स्थित पुलिस पिकेट से सर्विस राइफल के साथ लापता हुए थे। अगले दिन 16 अक्टूबर को उनका शव त्रिगाम के जंगल में एक नाले के पास गड्ढे में दबा मिला। 19 अक्टूबर को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

उत्तराखंडवासियों को घुसपैठिया कहना छोटी सोच

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड के लोगों को घुसपैठिया कहने वाले बयान पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव को करारा जवाब दिया है। लखनऊ में उत्तराखंड महोत्सव के दौरान योगी ने अखिलेश का नाम लिए बिना कहा, अगर उत्तराखंड की बेटी नहीं होती तो तुम सैफई में कहीं भैंस चरा रहे होते। योगी ने कहा कि उत्तराखंड के लोगों को घुसपैठिया कहना छोटी सोच है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ



पंत, पूर्व मुख्यमंत्रियों हेमवती नंदन बहुगुणा और नारायण दत्त तिवारी का जिक्र किया। साथ ही वीर चंद्र सिंह गढ़वाली, जनरल बिपिन रावत, जनरल अनिल चौहान और अजीत डोभाल के नाम लेकर उत्तराखंड के योगदान को बताया। योगी ने कहा कि उत्तराखंड ने देश को सैनिक, बड़े नेता और देश की सुरक्षा करने वाले अधिकारी दिए हैं। उन्होंने मड़वा, झंगोरा और कुल्थ की दाल जैसे पहाड़ी खाने की तारीफ की। साथ ही उत्तराखंड महापरिषद को भरोसा दिया कि लखनऊ के पंडित गोविंद बल्लभ पंत उपवन में हर साल उत्तराखंड महोत्सव आयोजित किया जाएगा। अखिलेश पर सैफई और भैंस चराने को लेकर तंज योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले दिनों उन्होंने एक व्यक्ति का बयान सुना, जिसमें उत्तराखंड के लोगों को घुसपैठिया कहा गया था। इस पर उन्होंने अखिलेश का नाम लिए बिना तंज कसा है।

सर्दियों में भी चारों धामों की यात्रा कर सकेंगे श्रद्धालु

- शीतकालीन यात्रा में भी रजिस्ट्रेशन करवाने की तैयारी
- पर्यटन सचिव बोले- डाटा तैयार करने में मदद मिलेगी

देहरादून (एजेंसी)। चारधाम यात्रा का मुख्य सीजन अब समाप्त होने जा रहा है, लेकिन श्रद्धालु सर्दियों में भी चारों धामों के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें ऊंचाई पर स्थित मंदिरों तक जाने की जरूरत नहीं होगी। शीतकाल में चारों धामों की उत्सव डोलियां अपने-अपने प्रवास स्थलों पर पहुंचेंगी, जहां अगले छह महीने तक पूजा-अर्चना और दर्शन होंगे। इधर, उत्तराखंड सरकार शीतकालीन यात्रा को व्यवस्थित करने के लिए पहली बार पंजीकरण व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर रही है। चारधाम यात्रा की तरह ही शीतकाल में आने वाले श्रद्धालुओं का भी रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इससे पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के पास यह जानकारी रहेगी कि किस प्रवास स्थल पर कितने श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हालांकि, शीतकालीन यात्रा में चारधाम यात्रा की तुलना में भीड़ कम रहती है। इसलिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य नहीं होगा। पर्यटन विभाग इस व्यवस्था को सुरक्षा के लिहाज से लागू करने पर विचार कर रहा है। पर्यटन सचिव धीराज गर्बयाल के मुताबिक, इससे शीतकालीन यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी और



डाटा तैयार करने में मदद मिलेगी। चारधाम यात्रा में गंगोत्री के कपाट 10 नवंबर को अन्नकूट पर्व पर दोपहर 12.05 बजे बंद हुए। इसके बाद 11 नवंबर को भाई दूज पर केदारनाथ के कपाट सुबह 8.30 बजे बंद हो गए।

2024 में 73 हजार से अधिक 2025 में 50 हजार श्रद्धालु पहुंचे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर उत्तराखंड में शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 8 दिसंबर 2024 को ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर शीतकालीन यात्रा की शुरुआत की थी। इसके बाद शीतकाल में चारों धामों के प्रवास स्थलों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ाने के प्रयास किए गए। वर्ष 2024 में 73 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के शीतकालीन प्रवास स्थलों पर दर्शन किए थे। वहीं, 2025 में 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। सरकार का प्रयास है कि चारधाम यात्रा के छह महीने के सीजन के बाद भी प्रदेश में धार्मिक पर्यटन जारी रहे। इससे शीतकाल में भी स्थानीय कारोबारियों, होटल संचालकों, होमस्टे और टैक्सी कारोबार से जुड़े लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

बंटवारे के बाद पोता दादा की संपत्ति का दावेदार नहीं

- सुप्रीम कोर्ट बोला-वारिसों में बंटवारे के बाद पिता का हिस्सा निजी संपत्ति



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अगर दादा की संपत्ति उनके कानूनी वारिसों में बंट चुकी है, तो पोता जन्म के आधार पर उसमें अपना हिस्सा नहीं मांग सकता। जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और जस्टिस सुनीता अग्रवाल की बेंच ने 1997 में एक नाबालिग पोते की तरफ से दायर बंटवारे का मुकदमा खारिज कर दिया। फैसला 6 नवंबर को सुनाया गया, जिसकी जानकारी 11 नवंबर को सामने आई।मामला चेन्नई के 1,811 स्क्वायर फीट के एक मकान / प्लॉट का था। पोते का दावा था कि उसे जन्म से ही दादा की संपत्ति में कोपार्सनरी हक मिला है, इसलिए उसे भी हिस्सा मिलना चाहिए। यह मुकदमा नाबालिग पोते की ओर से दायर किया गया था। सुप्रीम कोर्ट बोला- ऐसा नहीं होगा, क्योंकि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 8 के तहत पिता को मिला हिस्सा पहले ही उसकी व्यक्तिगत संपत्ति बन गया था।

घर में सोना कहां से आया महिलाओं को बताना होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में कई सालों से यह नियम चला आ रहा है कि अगर आयकर विभाग की छापेमारी हो, तो शादीशुदा महिला के पास 500 ग्राम तक सोना होने पर अधिकारी उसे जब्त नहीं कर सकते। इसी नियम का फायदा उठाकर कई लोग मान लेते थे कि 500 ग्राम तक सोना रखने पर किसी को कोई जवाब नहीं देना होगा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अब एक बड़ा स्पष्टीकरण दिया है। जस्टिस केवी



विश्वनाथन और जस्टिस अरुण पल्ली की बेंच ने कहा- सोना जब्त न होना और उसका मालिक होना दो अलग बातें हैं। यह फैसला बिहार की एक पूर्व अफसर के मामले में आया, जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप था। उन्होंने 500 ग्राम सोना होने का हवाला देकर बचने की कोशिश की थी। बिहार की पूर्व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी फूलपरी कुमारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला था। 2015 में बिहार विजिलेंस ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच में उनके पास 646.400 ग्राम सोने के आभूषण मिले। उन्होंने दलील दी कि शादीशुदा महिला के लिए 500 ग्राम और अविवाहित बेटी के लिए 250 ग्राम सोना जब्ती से सुरक्षित है।

दो महीने में घर के किचन से बाथरूम तक का बजट बढ़ा

- दूध 12 तक महंगा, कमर्शियल सिलेंडर के दाम 72.50 बढ़े
- डिटर्जेंट 11 फीसदी और सिगरेट 10 रुपए तक महंगी हो गई



नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले दो महीनों में रोजमर्रा के इस्तेमाल की कई चीजें महंगी हो गई हैं। दूध-दही बेचने वाली डेयरी कंपनियों से लेकर साबुन-डिटर्जेंट और तेल कंपनियों तक ने सामानों के दाम बढ़ा दिए हैं। अमूल और मदर डेयरी ने आज यानी 12 नवंबर से दूध 4 रुपए प्रति लीटर तक महंगा कर दिया है। वहीं, कर्नाटक के नंदिनी ब्रांड ने 1 नवंबर से ही दूध के दाम 12 प्रति लीटर तक बढ़ा चुकी है। इसके अलावा घी, मक्खन, कपड़े धोने का पाउडर, नहाने का साबुन, सिगरेट, ड्राई फ्रूट्स, होटल-रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाला गैस सिलेंडर और हवाई जहाज का ईंधन भी महंगा हुआ है।

- **रिटेल महंगाई 6.09 फीसदी, 12 महीने में सबसे ज्यादा-** देश में रिटेल महंगाई लगातार 12वें महीने बढ़ी है। सितंबर में यह 5.54 थी। अक्टूबर में .55 बढ़कर 6.09 फीसदी पर पहुंच गई। सितंबर में यह 5.54 थी। डेयरी प्रोडक्ट्स और प्याज-लहसुन जैसी रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ने से महंगाई में इजाफा हुआ है। मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते कच्चा तेल भी महंगा हुआ है। खुदरा महंगाई के साथ ही आरबीआई की तय सीमा पार कर गई है।

राहुल गांधी हैदराबाद में डिलीवरी बॉय-कैब ड्राइवरों से मिलेंगे

हैदराबाद (एजेंसी)। राहुल गांधी 14 नवंबर को हैदराबाद में गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के कार्यक्रम और रैली में शामिल होंगे। इस दौरान डिलीवरी एग्जीक्यूटिव, कैब ड्राइवर और ऐप आधारित सेवाओं से जुड़े अन्य कर्मचारियों से बातचीत करेंगे। वर्कर्स राहुल के सामने अपनी समस्याएं और मांगें रखेंगे। कार्यक्रम हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के पास होगा। इसके साथ गिग वर्कर्स की छोटी रैली भी निकाली जाएगी। इस दौरान वर्कर्स के लिए वेलफेयर बोर्ड की शुरुआत भी होगी, जो राज्य में उनके लिए कानून और कल्याणकारी योजनाएं लागू करेगा। कार्यक्रम में गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार सुरक्षा, रजिस्ट्रेशन और शिकायतों के समाधान पर चर्चा होगी। राहुल गांधी इनसे जुड़ी सरकारी योजनाओं का उद्घाटन भी कर सकते हैं।

जेपी के गांव को मिलेगा स्थायी पुल, सीएम ने की सौगातों की बौछार

छपरा की बदलेगी तस्वीर, मांझी तक बनेगा मरीन ड्राइव

छपरा (एजेंसी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को मांझी के ऐतिहासिक रामघाट के अनावरण के अवसर पर कहा कि यह धरती धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने इसी सरयू नदी में स्नान किया था। ऐसे पवित्र स्थल पर घाट का उद्घाटन करना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व से पहले रामघाट को श्रद्धालुओं के लिए विकसित किया गया है। यहां छठी मइया का आशीर्वाद लेने के लिए वे दोबारा भी आएंगे। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और मांझी विधायक रणधीर सिंह के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में भगवान विष्णु और



शिव से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं को ध्यान में रखते हुए कॉरिडोर निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इस दौरान आदर्श उच्च विद्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सहित अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

- **पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य -** मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है। आने वाले दिनों में नई चीनी मिलें शुरू की जाएंगी। सारण में जेपी के गांव को पीपा पुल के बजाय स्थायी पुल से जोड़ने की दिशा में काम होगा। राघोपुर से आमी होते हुए मांझी तक मरीन ड्राइव की योजना को भी आगे बढ़ाया जाएगा। सरयू नदी में डूबने की घटनाओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने यहां एसडीआरएफ की टीम तैनात करने की घोषणा की। बाढ़ से प्रभावित तरैया, सोनपुर का जायजा लिया।

पंजाब में बीजेपी वर्सेज आप में बंट गए हैं 'डेरे'

जालंधर (एजेंसी)। पंजाब के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां में प्रबंधन और डेरा प्रमुख संत निरंजन दास के करीबी होने को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। यहां आम आदमी पार्टी और बीजेपी से जुड़े श्रद्धालुओं के दो गुट आमने-सामने हैं। विवाद की मुख्य वजह बीजेपी की प्रस्तावित समरसता संकल्प यात्रा है। इस यात्रा को डेरे से शुरू



करने की योजना बनाई जा रही है। यह यात्रा 18 नवंबर को जालंधर से शुरू होकर 3 दिसंबर को वाराणसी में समाप्त होगी। इसका आयोजन 20 फरवरी 2027 को होने वाली गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के कार्यक्रमों के तहत किया जा रहा है। यह यात्रा पंजाब के अलावा जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली से होकर गुजरेगी। पंजाब में होशियारपुर, पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, फिरोजपुर और मुक्तसर जैसे जिलों को शामिल करने की योजना है। बीजेपी समर्थक रविदासिया श्रद्धालु चाहते हैं कि यात्रा की शुरुआत डेरा बल्लान से हो।

न्यूज की तरह जिंदगी में भी डेडलाइन बेहद जरूरी

मोदी बोले-न्यूजरूम में कुछ भी असंभव नहीं माना जाता

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि न्यूजरूम में कुछ भी असंभव नहीं माना जाता। मोदी ने कहा कि भूकंप हो या बाढ़, जब लोग जान बचाकर भाग रहे होते हैं, तब रिपोर्टर अपनी जान जोखिम में डालकर और परिवार की चिंता छोड़कर खबर की कवरेज करते हैं। न्यूज की दुनिया में डेडलाइन सबसे जरूरी होती है।
उसी तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी होती है। मोदी ने कहा- मैं 11 अशोका रोड पर पड़ा रहता था। एक दिन पत्रकार अचानक मेरे



कमरे में आ गए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में मेरा गला पकड़ लिया और कहा कि मिठाई खिलाओ। मैंने पूछा कि किस बात की मिठाई खिलाऊं, तो उन्होंने कहा कि आप गुजरात के मुख्यमंत्री बन गए हैं। मुझे खुद इस बात की जानकारी नहीं थी, लेकिन पत्रकारों को पहले ही पता चल गया था।

- **पत्रकारों के साथ पुराने रिश्ते और मीडिया में बदलाव-** फैक्स से लेकर इंस्टाग्राम रील तक मीडिया का स्वरूप बदल चुका है। पहले खबरों की कवरेज ओबी वैन से होती थी, अब मोबाइल ही ओबी वैन बन गया है। 2001 में गुजरात का मुख्यमंत्री बनने की खबर पत्रकारों को उनसे पहले मिल गई थी। पत्रकारों ने उन्हें मिठाई खिलाने को कहा। कई पत्रकार अपने खर्चे पर शपथ ग्रहण समारोह में भी पहुंचे थे। पत्रकारिता में डेडलाइन से काम की प्राथमिकताएं तय होती हैं और रफ्तार बढ़ती है। देश के सामने विकसित राष्ट्र की चुनौती है।

केजरीवाल को लॉरेंस गैंग से मिली धमकी फर्जी

मोहाली (एजेंसी)। दिल्ली में तिलक नगर से आम आदमी पार्टी (एएपी) के विधायक जरनैल सिंह ने पुलिस को शिकायत दी है कि लॉरेंस गैंग ने अरविंद केजरीवाल से 7 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताने वाले एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके फोन और वॉट्सऐप मैसेज के जरिए यह धमकी दी है। दिल्ली के तिलक नगर से एएपी विधायक जरनैल सिंह ने कहा- 6 नवंबर 2026 को शाम करीब 6 बजे उनके निजी



मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल और वॉट्सऐप मैसेज आया। वॉट्सऐप प्रोफाइल पर नाम प्रदर्शित हो रहा था। आरोपी ने मैसेज में लिखा, लॉरेंस गैंग से हूं, अरविंद केजरीवाल को बोल दे 7 करोड़ दे दो नहीं तो अरविंद केजरीवाल और उसकी बेटी हर्षिता केजरीवाल को जान से मार दूंगा। उनकी शिकायत पर मोहाली के साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज हुआ है। हालांकि, न्यूज एजेंसी ने दावा किया है कि मोहाली पुलिस की इन्वेस्टिगेशन में यह धमकी फर्जी पाई गई है। यह धमकी लॉरेंस गैंग के नाम पर रोहतक (हरियाणा) के कॉलर ने वॉट्सऐप मैसेज और कॉल के माध्यम से दी थी। हालांकि, अब तक किसी अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

ओवैसी और चंद्रशेखर ने बनाया यूपी चुनाव के लिए नया मोर्चा

- 150 सीटों पर उतारेंगे उम्मीदवार, आज कर सकते हैं घोषणा

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने गठबंधन का ऐलान किया है। इसका नाम सामाजिक परिवर्तन मोर्चा रखा गया है। गठबंधन यूपी की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा। गुरुवार को लखनऊ में संयुक्त प्रेसवार्ता में ओवैसी ने कहा कि चंद्रशेखर यूपी में सीएम का चेहरा होंगे। भाजपा को



रोकने के लिए हमारा मोर्चा मजबूत विकल्प बनेगा। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि यह तीसरा मोर्चा नहीं, बल्कि पहला मजबूत मोर्चा होगा। बड़े गठबंधन में शामिल होने की कोशिश की, लेकिन हमें कमजोर समझा गया। यूपी में मुस्लिम आबादी 19 और दलित आबादी 21 फीसदी है। गठबंधन की नजर इसी 40 फीसदी आबादी के वोटों पर है। इस गठबंधन का सीधा असर सपा और बसपा के वोट बैंक पर पड़ सकता है।

इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहते थे ओवैसी

असदुद्दीन ओवैसी उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में अपने दल एआईएमआईएम को विपक्ष के इंडिया गठबंधन में शामिल कराना चाहते थे। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने उनको गठबंधन में शामिल करने में रुचि नहीं ली। इसके बाद ओवैसी के चंद्रशेखर आजाद से हाथ मिलाने की अटकलें काफी दिनों से चल रही थीं।

संक्षिप्त समाचार

छठ-कार्तिक पूर्णिमा से पहले सोनपुर-हाजीपुर स्टेशन पहुंचे डीआरएम, पेयजल-सफाई और भीड़ प्रबंधन को लेकर दिए निर्देश

हाजीपुर। छठ पूजा और कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए आने-जाने वाले यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन ने 12 नवंबर को सोनपुर और हाजीपुर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान DRM ने सोनपुर और हाजीपुर स्टेशन पर बनाए जा रहे होल्डिंग एरिया का जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों की भीड़ को व्यवस्थित करने और उन्हें स्टेशन पर बेहतर सुविधा देने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। अमित सरन ने स्टेशन परिसर में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और साफ-सफाई बनाए रखने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि पर्व के दौरान यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो और सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं। DRM ने कहा कि पर्व और धार्मिक अवसरों पर यात्रियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुगम यात्रा प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें, ताकि भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति न बने। निरीक्षण के दौरान मंडल के विभिन्न शाखा अधिकारी, हाजीपुर स्टेशन के स्टेशन मास्टर और संबंधित रेलकर्मी मौजूद रहे। सोनपुर मंडल ने पर्व-त्योहारों पर यात्रियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम रेल यात्रा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई।



कपड़े के गोदाम में आग लगी, भारी मात्रा में रेडिमेड कपड़े जलकर खाक, एक घंटे बाद आग पर काबू

पटना। बिहटा स्टेशन रोड में गुरुवार को रेडिमेड कपड़े के एक गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि दमकल की कई गाड़ियों को करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इस पर काबू पाने में सफलता मिली। आग लगने की घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गोदाम से उठती आग की तेज लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। वहीं, दमकल विभाग की टीम लगातार आग बुझाने का प्रयास कर रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग कैसे लगी, इसका स्पष्ट कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। गोदाम में भारी मात्रा में रेडिमेड कपड़े रखे होने की बात सामने आ रही है। आग की चपेट में आने से लाखों रुपये के कपड़े जलकर बर्बाद होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अब तक गोदाम के मालिक की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। आग लगने के कारणों और वास्तविक नुकसान का आकलन भी अभी तक नहीं हो पाया है। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है।

अनंत सिंह ने घुड़दौड़ की तैयारियों का जायजा लिया, 10 बीघा जमीन में बन रहा मैदान, 10-10 घोड़े एक साथ दौड़ेंगे



पटना। मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह की बेटी की शादी 25 नवंबर को होगी। शादी के दौरान नदावां में घुड़दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। पहले स्थान पर आने वाले घुड़सवार को थार, दूसरे को मोटरसाइकिल और तीसरे को स्कूटी मिलेगी। गुरुवार को अनंत कुमार सिंह अपने पैतृक गांव नदावां पहुंचे। उन्होंने समर्थकों के साथ आयोजन स्थल का जायजा लिया। प्रयागराज से लौटकर पटना पहुंचे अनंत सिंह अब शादी की तैयारियों की निगरानी के लिए नदावां में रहेंगे। निरीक्षण के दौरान वे मैदान में अपने घोड़े को अभ्यास कराते भी दिखे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से घुड़सवार और उनके घोड़े पहुंचने लगे हैं। आयोजन के लिए करीब 10 बीघा जमीन पर मैदान तैयार किया गया है। पुरस्कार देने के लिए मंच भी बनाया जा रहा है। शादी समारोह के लिए करीब 10 बीघा जमीन पर पंडाल तैयार किया जा रहा है। करीब चार लाख लोगों के भोजन की व्यवस्था की बात सामने आई है। दूसरे राज्यों से आने वाले घुड़सवारों और उनके सहयोगियों के ठहरने और भोजन का इंतजाम भी किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, शादी में बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्म जगत की कई हस्तियों के शामिल होने की संभावना है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर की मौत, लोगों ने पहुंचाया अस्पताल, आधार कार्ड लेने नानी के घर आया था

हाजीपुर। वैशाली के जंदाहा थाना क्षेत्र के विशनपुर खोपी में बुधवार शाम सड़क हादसे में 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल हाजीपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र के चक सिकंदर मारीपुर गांव निवासी कुशेश्वर सहनी के बेटे अरविंद कुमार के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर परिवार की मदद करता था। आधार कार्ड लेने के लिए नानी के घर आया हुआ था। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब चार बजे अरविंद बाइक से जा रहा था। इसी दौरान विशनपुर खोपी के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग और परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर ले गए। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

वैशाली में दरवाजे पर मिला विवाहिता का शव, पति पर हत्या का आरोप, 4 महीने का बेटा

हाजीपुर। वैशाली जिले के चांदपुरा थाना क्षेत्र के आजमपुर गांव में 22 वर्षीय महिला का शव घर के दरवाजे पर मिला। मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद पति को छोड़कर ससुराल के अन्य सदस्य घर से फरार हैं। मृतका की पहचान जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी अर्जुन राम की बेटी मोनी कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी दो साल पहले शिवमोहन राम से हुई थी। उसका चार महीने का बेटा है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि पति शिवमोहन राम का अपनी बड़ी भाभी से प्रेम-प्रसंग था। मोनी इसका विरोध करती थी। इस बात को लेकर पति उसके साथ मारपीट करता था। परिजनों के मुताबिक, पति की बड़ी भाभी ने फोन कर मोनी की मौत की सूचना दी थी। इसके बाद मायके वाले आजमपुर पहुंचे, जहां घर के दरवाजे पर शव मिला। मोनी के दादा जागुनंदन राम ने आरोप लगाया कि उसके पति ने हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया। उन्होंने कहा कि पति के अपनी बड़ी भाभी से संबंध थे, जिसका मोनी विरोध करती थी। पहले भी पति उसे किराए के मकान में छोड़कर अपनी भाभी के पास चला गया था। सूचना मिलने पर चांदपुरा थानाध्यक्ष शालिनी कुमारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। परिजनों से लिखित आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मृतका के ससुराल वाले फिलहाल फरार हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी।

पटना में 2 बच्चों की लाश कुएं से मिली, 2 की तलाश जारी

एजेंसी, पटना



- महिला बोली- 4 बच्चों को मेरे सामने मारकर फेंका

पटना से सटे मोकामा में एक कुंए से 2 बच्चों की लाश मिली है। गांव वालों का कहना है कि कुएं में 4 बच्चों को फेंका गया है। पुलिस 2 अन्य बच्चों की तलाश कर रही है। जिन बच्चों की लाश मिली में उनकी पहचान रजनीश कुमार और मिलन कुमार के रूप में हुई है। घटना मोकामा के बरहपुर गांव की है। गांव के लोगों का कहना है एक महिला बकरी चरा रही थी। वो गांव में आई और उसने सबको कहा कि एक आदमी ने चार बच्चों को मार कर कुएं में फेंक दिया है। वो बच्चों की लाश देखकर बेहोश हो गई। गांव वालों ने महिला की बात पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मोकामा थाना पुलिस और बाढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रामकृष्ण कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से 2 बच्चों की लाश निकाली गई है। अन्य बच्चों की तलाश जारी है।

फोन पर मिली मौत की जानकारी: मृतक मिलन की मां ने बताया कि, मुझे पता नहीं है कि कौन फोन किया है। 3 बजे कॉल आया कि तुम्हारे बेटे को मारकर कुंए में गिराया है। मुझे नहीं पता किसने फोन किया था। वहीं रजनीश के पिता रामप्रवेश ने बताया कि उनका लड़का सुबह 7 बजे से लापता था, एक घंटा पहले ही कॉल पर इस बारे में जानकारी मिली। मेरा लड़का इन चारों के साथ पहले कभी नहीं गया। ना ही हमारा किसी के साथ कोई विवाद है।

लाश पर चोट के निशान: जिन दो बच्चों की लाश कुएं से निकाली गई है, उनके सिर पर चोट के निशान हैं। लोगों का कहना है कि मारपीट कर बच्चों को कुएं में फेंका गया है। एसडीपीओ 1 बताया कि इन बच्चों को मारा गया है और उसी के बाद या तो ये गिरे हैं या फेंका गया है। जांच जारी है। ग्रामीणों ने 4 हत्या की बात कही है,इस पर एसडीपीओ ने बताया कि आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन दो शव बहुत पहले ही मिल गए थे, बाकी के लिए प्रयास जारी है।

गेस्ट हाउस में युवक की संदिग्ध मौत, कमरे में मिला शव

एजेंसी, पटना



पटना के मीठापुर पुरानी बस स्टैंड स्थित गेस्ट हाउस में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। शव कमरे में मिला है। गले में गमछा लिपटा हुआ था। बॉडी फर्श पर पड़ी थी। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिला के लगमा निवासी रवि कुमार सिंह(31) के रूप में हुई है। मध्यप्रदेश में कारोबार करते थे। पोल्ट्री फार्म और दूसरे बिजनेस करते थे।

मंगलवार रात को कमरा बुक किया था: जानकारी के अनुसार, रवि कुमार सिंह 10 नवंबर की रात से श्रीराम गेस्ट हाउस के 203 नंबर कमरे में ठहरे हुए थे। इसके बाद गुरुवार सुबह शव मिला। जानकारी मिलने पर जक्कनपुर पुलिस मौके पर पहुंची।

जांच के लिए FSL को बुलाया गया: मामले की गंभीरता को देखते हुए FSL की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए। गेस्ट हाउस में कोई सीसीसीटीवी कैमरा भी नहीं है।

'कमरा लेने 2 लोग आए थे': होटल स्टाफ राजा कुमार ने बताया कि 10 तारीख की रात(बुधवार) में 9:45 बजे दो लोग रूम लेने आए थे। 500 रुपए में पर डे के हिसाब से रुम दिया। मृतक के साथ एक और व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना नाम सुरेश वर्मा बताया था। उस समय उनका मोबाइल डिस्चार्ज था, तो आईडी नहीं दे पाए थे। गुरुवार सुबह 7:30 बजे मैं ऊपर पेमेंट लेने के लिए गया। दरवाजा बंद था। मुझे लगा कि गहरी नींद में सो रहे हैं, तो जोर जोर से दरवाजा खटखटाने लगा। इसी बीच दरवाजा खुल गया।

मौत का कारण स्पष्ट नहीं: फिलहाल युवक की मौत के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

रौशन आनंद ने छठ पर किया भाई प्रिंस को याद, व्रती महिलाओं को बांटी साड़ी

एजेंसी, पटना



पटना में छठ महापर्व को लेकर बाजारों से लेकर घरों तक तैयारियां चल रही हैं। शिक्षक रौशन आनंद ने सामाजिक पहल करते हुए 100 से अधिक छठ व्रती महिलाओं के बीच साड़ी, सूप और पूजा की सामग्री का वितरण किया। उनका कहना है कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या किसी अन्य परेशानी के कारण महिलाओं को छठ पूजा करने में कोई दिक्कत न हो। छठ के मौके पर जरूरतमंद महिलाओं को पूजा की सामग्री उपलब्ध कराकर उन्होंने पर्व की खुशियों में अपनी भागीदारी निभाई। शिक्षक रौशन आनंद ने बताया कि इस साल उनके भाई का निधन हो गया। भाई के जीवित रहते वे मुख्य रूप से पढ़ने और पढ़ाने के काम पर ही ध्यान देते थे, जबकि सामाजिक कार्यों की जिम्मेदारी उनके भाई संभालते थे। भाई जरूरतमंद लोगों की मदद करने के साथ सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते थे। उनके निधन के बाद रौशन आनंद ने उनके इन कार्यों को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, '2026 से पहले हम सिर्फ पढ़ने और पढ़ाने के काम में विश्वास रखते थे। हमारा भाई सामाजिक कार्य करता था। अब उसके जाने के बाद हम उसके कामों को आगे बढ़ा रहे हैं। वह जितने भी काम करता था, उन्हें अब हम पूरा करने की कोशिश करेंगे।' रौशन आनंद ने बताया कि इस साल उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए बाढ़ प्रभावित लोगों की भी मदद की थी। अब छठ महापर्व के मौके पर 100 से अधिक महिलाओं को पूजा सामग्री दी जा रही है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के भगवान सूर्य को अर्घ्य दे सकें।

फर्जी जमीन दिखाकर करोड़ों की ठगी करने वाला सरगना गिरफ्तार, बेऊर पुलिस ने रवि रंजन को पकड़ा

एजेंसी, पटना



- पत्नी और बेटा फरार

फर्जी जमीन और जाली दस्तावेज दिखाकर लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने के आरोप में गिरोह के सरगना रवि रंजन को बेऊर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी पत्नी माधुरी कुमारी और बेटा फरार हैं। पुलिस ने गुरुवार को रवि रंजन को कुशवाहा चौक से पकड़ा। वह पिछले दो साल से फरार था। पुलिस उसकी पत्नी और बेटे की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

फुलवारीशरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-1 सह एएसपी नारायण उपाध्याय ने बताया कि करीब दो साल पहले पटना के बेऊर और जक्कनपुर थाना क्षेत्रों में फर्जी जमीन और कागजात दिखाकर एक दर्जन से अधिक लोगों से ठगी का मामला सामने आया था। जांच में पता चला कि रवि रंजन बिहार के अलग-अलग जिलों में छिपने के बाद दिल्ली में रह रहा था। छठ पूजा के दौरान उसके पटना पहुंचने की सूचना पुलिस को मिली। इसके बाद टीम ने कुशवाहा चौक के पास छापा मारकर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, रवि रंजन ने 2023-24 में बेऊर की तत्कालीन थानाध्यक्ष उषा सिन्हा और उनके परिवार के सदस्यों से भी फर्जी जमीन और दस्तावेज दिखाकर लाखों रुपए की ठगी की थी। जांच में बेऊर थाना क्षेत्र के चार लोगों से करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है।

80 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला: जक्कनपुर थाना क्षेत्र में भी कई लोगों से करीब 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने की जानकारी मिली है। इतना ही नहीं, आरोपी पर बिहार के सहरसा और शेखपुरा जिले में भी कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर फरार होने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, अब तक की जांच में सामने आया है कि रवि रंजन ने अपने गिरोह के माध्यम से एक दर्जन से अधिक लोगों को निशाना बनाकर करोड़ों रुपये की ठगी की है। एसडीपीओ ने बताया कि वर्ष 2024 में संजीव प्रकाश की ओर से रवि रंजन के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन शुरू की। जांच में फर्जी जमीन और दस्तावेज के आधार पर बड़े पैमाने पर ठगी किए जाने की बात सामने आई है।

गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ होगी: पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों, ठगी की रकम और धोखाधड़ी के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। वहीं, रवि रंजन की पत्नी माधुरी कुमारी और उसके बेटे के खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत होने के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आ सकती है। पूरे मामले की गहराई से जांच जारी है।

उलार सूर्य मंदिर में छठ की तैयारी देखने पहुंचे मंत्री, तालाब की सफाई, श्रद्धालुओं के लिए इंतजामों का जायजा लिया

- बंद उलार महोत्सव शुरू कराने की बात कही

एजेंसी, पटना



बिहार के कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार ने पटना जिले के उलार सूर्य मंदिर में छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर के तालाब की सफाई और श्रद्धालुओं के लिए किए जा रहे इंतजाम देखे। मंत्री ने पालीगंज अनुमंडल के दुल्हिनबाजार प्रखंड के उलार गांव स्थित ओलार्क (उलार) सूर्य मंदिर पहुंचे। उन्होंने तालाब की सफाई का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

मंदिर में भगवान भास्कर की पूजा की: इसके बाद मंदिर परिसर में छठ पूजा की तैयारियां देखीं। इस दौरान पालीगंज के अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के बाद प्रमोद कुमार ने मंदिर में भगवान भास्कर की पूजा की। मंत्री बनने के बाद वह पहली बार उलार सूर्य मंदिर पहुंचे थे। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

देश-विदेश और बिहार के अलग-अलग हिस्सों से श्रद्धालु आते: प्रमोद कुमार ने कहा कि छठ पूजा की तैयारियों के लिए बिहार सरकार और प्रशासन के अधिकारी घाटों पर सुरक्षा इंतजाम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उलार सूर्य मंदिर में देश-विदेश और बिहार के अलग-अलग हिस्सों से श्रद्धालु आते हैं। उनके ठहरने, सफाई और शौचालय की व्यवस्था की जा रही है।

मंत्री ने कहा, तैयारियां अंतिम चरण में हैं और बाकी कमियां भी जल्द दूर की जाएंगी। स्थानीय लोगों ने उनसे उलार महोत्सव फिर शुरू कराने की मांग की। इस पर प्रमोद कुमार ने कहा कि इस बार उलार महोत्सव कराया जाएगा और इसकी तैयारी की जाएगी।

इसके अलावा बिहार सरकार के तरफ से लगभग 15 करोड़ की लागत से उदार और मंदिर परिसर में विकास कार्य किया जा रहे हैं जिस पर मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार उलार मंदिर के विकास को लेकर कार्य कर रही है और जल्द ही उसे भी पूरा कर लिया जाएगा ताकि और भी सुविधा इस मंदिर में मिल सके।

बाढ़ में छठ के लिए फलों-पूजन सामग्री की दुकानें सजीं, कद्दू और गन्ने के दाम बढ़े

एजेंसी, पटना



बाढ़ (पटना) के बाजार समिति में छठ पूजा के लिए फल और पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। बाजार में केला, सेब, संतरा, अनार, नाशपाती और महताबी समेत पूजा में इस्तेमाल होने वाले फल बिक रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में कई फलों और सब्जियों के दाम बढ़े हैं। दुकानदारों ने बताया कि कद्दू और गन्ने के दाम में ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। उनके मुताबिक, अरनब चक्रवात से बिहार में गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचा था। तेज हवाओं से गन्ने के पौधे झुक गए, जिससे बाजार में इसकी आवक कम हुई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाजार में कद्दू थोक में 100 से 150 रुपए प्रति पीस बिक रहा है। कद्दू की आवक कम होने से इसके दाम बढ़े हैं। फल विक्रेता मदन मालाकार ने बताया कि छठ पूजा के दौरान फलों की मांग बढ़ जाती है। हाजीपुर से आने वाले केले से सभी बाजारों की मांग पूरी नहीं हो पाती, इसलिए उत्तर प्रदेश और मद्रास से भी केले मंगाए जा रहे हैं।

मदन मालाकार के मुताबिक, दूसरे राज्यों से फल मंगाने पर परिवहन और अन्य खर्च बढ़ते हैं। इसका असर फलों की कीमतों पर पड़ता है। इसी वजह से इस बार फल पिछले साल की तुलना में महंगे बिक रहे हैं। विक्रेता राहुल कुमार ने भी गन्ने के दाम बढ़ने की वजह चक्रवात से फसल को हुए नुकसान और बाजार में कम आवक को बताया।

महंगाई के बावजूद छठव्रतियों के उत्साह में कोई कमी नहीं: छठ पूजा की खरीदारी करने पहुंचीं छठव्रती महिला आशा साहू ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार फलों सहित पूजा में इस्तेमाल होने वाली कई सामग्रियों की कीमतें बढ़ गई हैं। लगातार बढ़ती महंगाई का असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि छठ पूजा आस्था और श्रद्धा का महापर्व है। ऐसे में सामान महंगा होने के बावजूद पूजा के लिए जरूरी सामग्री खरीदनी ही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई जरूर बढ़ी है, लेकिन छठ पर्व मनाने को लेकर उन्हें कोई दुख नहीं है। कुल मिलाकर, छठ पूजा को लेकर बाढ़ बाजार समिति में फलों और पूजन सामग्री की दुकानें सज चुकी हैं। एक ओर दुकानदार आपूर्ति में कमी और बढ़ती लागत को कीमतों में वृद्धि की वजह बता रहे हैं, तो दूसरी ओर श्रद्धालु महंगाई के बावजूद पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ महापर्व की तैयारियों में जुटे हैं।

फतुहा में विधायक ने छठ घाटों का निरीक्षण किया

पटना। फतुहा में स्थानीय विधायक और पूर्व मंत्री डॉ. रामानंद यादव ने अलग-अलग छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, सुरक्षा, रोशनी, घाटों तक पहुंचने के रास्ते और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने स्थानीय लोगों और संबंधित अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी भी ली। डॉ. यादव ने अधिकारियों से छठ पूजा से पहले सभी जरूरी काम पूरे करने को कहा। उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए, ताकि छठव्रतियों को गंगा में अर्घ्य देने के दौरान परेशानी न हो। उन्होंने घाटों की व्यवस्था बेहतर बनाने और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देने की बात कही।

छठ में बिहार लौटने वाली ट्रेनें यात्रियों से भरीं, टॉयलेट के पास भी जगह नहीं

एजेंसी, पटना



- जनरल कोच में क्षमता से तीन गुना यात्री, 18-20 घंटे खड़े सफर

छठ मनाने बिहार लौट रहे यात्रियों की भीड़ से लंबी दूरी की ट्रेनें भर गई हैं। दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, सूरत, पंजाब और केरल समेत कई जगहों से आने वाली ट्रेनें यात्रियों से भरी पटना जंक्शन पहुंच रही हैं। जनरल कोच में बैठने की जगह नहीं है और कई यात्रियों को खड़े होने की जगह भी नहीं मिल रही। यात्रियों के मुताबिक, उन्हें टॉयलेट के पास और गेट पर खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है। कुछ यात्री 18 से 20 घंटे तक खड़े रहने को मजबूर हैं। पटना जंक्शन पहुंचने वाली राज्यरानी सहरसा एक्सप्रेस, राजेंद्र नगर-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस और अर्चना एक्सप्रेस में भी यात्रियों को परेशानी हो रही है। जनरल कोच में तय क्षमता से करीब तीन गुना यात्री सफर कर रहे हैं।

गंदे शौचालय और पानी की परेशानी ने बढ़ाई मुश्किल: कोच में जगह नहीं होने से यात्रियों को अपनी सीट तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। जनरल, स्लीपर और एसी कोच में रिजर्वेशन वाले यात्रियों के लिए भी बैठना मुश्किल हो रहा है। भीड़ के कारण कोच में गर्मी और उमस है। इसका असर बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों पर पड़ रहा है। लंबी दूरी के सफर में उन्हें परेशानी हो रही है। भीड़ के बीच यात्रियों की परेशानी सिर्फ बैठने और खड़े होने तक सीमित नहीं है। शौचालयों में गंदगी और बदबू के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है। कोच में इतनी भीड़ है कि शौचालय तक पहुंचना भी चुनौती बन गया है। वहीं, पानी और भोजन जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो रहा है।

यात्री बोले- हर साल छठ में यही हाल, रेलवे को पहले से करनी चाहिए तैयारी: पटना की एक महिला यात्री ने बताया कि छठ के दौरान हर साल ट्रेनों में भीड़ बढ़ जाती है। इसके बावजूद यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जाते। लोगों को घंटों खड़े होकर सफर करना पड़ता है। सरकार और रेलवे को इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। पटना के आनंद कुमार ने बताया कि रेलवे की ओर से कई स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, लेकिन उनके समय पर नहीं चलने से यात्रियों की परेशानी बढ़ रही है। ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण प्लेटफॉर्म पर भी भीड़ जमा हो रही है। इससे स्टेशन पर अव्यवस्था की स्थिति बन रही है।

परिवार के साथ छठ मनाने के लिए मुश्किल हालात में सफर: सुरेश कुमार ने बताया कि छठ के दौरान बिहार आने वाली ट्रेनों में हर साल ऐसी स्थिति देखने को मिलती है। इसके बावजूद नियमित ट्रेनों में जनरल कोच की संख्या पर्याप्त नहीं बढ़ाई जाती। दूसरे राज्यों में रोजी-रोटी कमाने वाले कामगार परिवार के साथ छठ मनाने के लिए मुश्किल हालात में सफर करने को मजबूर हैं।

यात्रियों ने रेलवे से छठ के दौरान अतिरिक्त जनरल कोच लगाने और स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। साथ ही स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाने और उनके समय पर परिचालन की व्यवस्था करने की अपील की है। यात्रियों का कहना है कि छठ बिहार का सबसे बड़ा लोक आस्था का पर्व है। इस दौरान लाखों प्रवासी अपने घर लौटते हैं। ऐसे में रेलवे को पहले से अतिरिक्त व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि लोगों को त्योहार पर घर पहुंचने के लिए घंटों खड़े होकर और भीड़-भाड़ के बीच जान जोखिम में डालकर सफर न करना पड़े।

संक्षिप्त समाचार

पाटीदारों के बीच खूनी संघर्ष में तलवार से हमला, एक की मौत, दो आरोपित गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी/चकिया। थाना क्षेत्र के मणि छपरा गांव में पाटीदारों के बीच आपसी विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प में तलवार से हमला कर 19 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई। हमले में युवक का हाथ कट गया था। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना बीती रात की बताई जा रही है। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट और हिंसक झड़प हुई। इसी दौरान एक पक्ष की ओर से तलवार से हमला किए जाने में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चकिया पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। थानाध्यक्ष धर्म प्रकाश कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी भेजा जा रहा है। मृतक के परिजनों से प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

धोखाधड़ी के मामले में फरार मुरारी प्रसाद पर 10 हजार का इनाम घोषित

बीएनएम @ मोतिहारी। पूर्वी चंपारण पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में वांछित मुरारी प्रसाद पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। मुरारी प्रसाद कोटवा थाना क्षेत्र के जागीर करिया गांव निवासी बासुदेव यादव का पुत्र है। वह कोटवा थाना कांड संख्या 334/26 में आरोपित है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 12 नवंबर को जारी सूचना के अनुसार, मुरारी प्रसाद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस के अनुसार, मुरारी प्रसाद के खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। इनमें छतौनी थाना कांड संख्या 406/25 (धोखाधड़ी), छतौनी थाना कांड संख्या 356/20 (धोखाधड़ी एवं आर्म्स एक्ट) तथा मोतिहारी महिला थाना कांड संख्या 61/15 (दहेज प्रताड़ना) शामिल हैं। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि आरोपित के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी के मोबाइल नंबर 9031827100 पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

मोबाइल छिनतई के मामले में 35 मिनट के अंदर दो आरोपित गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी। छतौनी थाना क्षेत्र में मोबाइल छिनतई की घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 35 मिनट के भीतर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से छिनतई किए गए दो मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, मोबाइल छिनतई को लेकर पीड़ित की ओर से छतौनी थाने में लिखित आवेदन दिया गया था। इस आधार पर छतौनी थाना कांड संख्या 592/26 दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। त्वरित छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो मोबाइल बरामद करते हुए पश्चिम चंपारण जिले के बगहा थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी जयप्रकाश राम, पिता वीरेंद्र राम और अविनाश राम, पिता क्रांति राम को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपितों से पूछताछ के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

प्रेम-प्रसंग के विवाद में युवती की मौत पुलिस से बचने के लिए खेत में दफनाया शव

बीएनएम @ मोतिहारी। जिले के कुंडवाचैनपुर थाना क्षेत्र में युवती की संदिग्ध मौत और उसके शव को चोरी-छिपे खेत में दफनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के भाई रितेश कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं, मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में खेत में दफनाए गए शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल से कीटनाशक की एक खाली शीशी भी बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार, रंसारा कला गांव में एक युवती की मौत के बाद उसके शव को खेत में गड्ढा खोदकर दफनाए जाने की गुप्त सूचना चौकीदार के माध्यम से पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर सिकरहना एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति में पुलिस ने जमीन खोदकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा गठित विशेष टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए मृतका के भाई रितेश कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान रितेश ने बताया कि दीपावली की रात किसी लड़के से बातचीत करने को लेकर बहन के साथ विवाद हुआ था। इसके बाद गुस्से में आकर उसकी बहन ने कथित तौर पर जहर खा लिया था। परिजनों को इसकी जानकारी मिलने पर वे युवती को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोप है कि पुलिस कार्रवाई के डर से परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी और शव को चुपचाप खेत में दफना दिया। इस मामले में कुंडवाचैनपुर थाना में कांड संख्या 347/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है और मामले के सभी पहलुओं की जांच करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। युवती की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

छठ-दिवाली पर घर लौटे प्रवासियों व पूर्व में दवा से वंचित लोगों को खिलाई जा रही फाइलेरिया रोधी दवा

20 नवंबर तक चलेगा विशेष एमडीए अभियान, पहले चरण में पांच गांवों में लगाए गए शिविर

बीएनएम @ मोतिहारी

जिले में फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 37 चिह्नित उच्च प्राथमिकता वाले गांवों में विशेष मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान शुरू किया है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. अवधेश कुमार की अध्यक्षता में शुरू हुआ यह अभियान 20 नवंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत विशेष रूप से दिवाली और छठ पूजा के अवसर पर दूसरे राज्यों से घर लौटे प्रवासियों के साथ ही पूर्व के एमडीए राउंड में दवा सेवन से छूट गए लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, फरवरी 2026 में आयोजित एमडीए अभियान के दौरान रोजगार और अन्य कारणों से दूसरे राज्यों में रह रहे कई लोग दवा सेवन से वंचित रह गए थे। अब त्योहारों के अवसर पर उनके घर लौटने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें दवा खिलाने की विशेष पहल की है। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्यकर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो घर-घर जाकर छूटे हुए लोगों तक पहुंच रहे हैं। पहले चरण में मोतिहारी शहरी क्षेत्र, मेहसी, रक्सौल, कोटवा और हरसिद्धि के पांच चिह्नित गांवों में दवा सेवन शिविर आयोजित किए गए। मोतिहारी शहरी क्षेत्र के लोहारपट्टी (वार्ड-20) में यूपीएचसी छतौनी में नोडल मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील कुमार ने शिविर का उद्घाटन किया। इसके बाद आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और पिरामल फाउंडेशन की



टीम के सहयोग से छठ पूजा पर घर लौटे प्रवासियों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई। इस दौरान पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि पीयूष चंद्र, प्रोग्राम लीड दयाल कुमार, प्रोग्राम ऑफिसर पप्पू कुमार, डॉ. अविनाश कुमार और सोनू कुमार मौजूद रहे। वहीं, मेहसी प्रखंड के भुरकुरवा गांव में सीएचसी मेहसी के अंतर्गत बीसीएम नजीब अहमद, पूर्व मुखिया अजय राय और पिरामल फाउंडेशन के पीओ-सीडी राघवेंद्र कुमार की निगरानी में अभियान की शुरुआत हुई। यहां आशा कार्यकर्ताओं को दवाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। वे घर-घर जाकर छूटे हुए लोगों की पहचान कर उन्हें दवा का सेवन कराएंगी। रक्सौल प्रखंड के खेखरिया गांव (नोनियाडीह पंचायत) में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन, डॉ. राजीव रंजन और बीसीएम रंजीत सिन्हा की देखरेख में विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर और लंबे समय तक रहने वाली बीमारी है। इससे बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जाने वाले एमडीए अभियान के दौरान निर्धारित दवा का सेवन करना जरूरी है। मौके पर सीएचओ गायत्री कुमारी, जीविका दीदियों और आशा कार्यकर्ताओं ने लोगों को दवा सेवन के प्रति जागरूक किया। कोटवा प्रखंड के खजुरिया गांव (जसौली पंचायत) और हरसिद्धि प्रखंड के रानीछपरा गांव (हरपुर राय पंचायत) में भी विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। दोनों स्थानों पर दवाओं और आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित कर स्वास्थ्यकर्मियों के माध्यम से प्रवासियों और दवा से वंचित लोगों को दवा खिलाई जा रही है। हरसिद्धि के रानीछपरा गांव में माइक्रोफाइलेरिया दर पांच या उससे अधिक होने के कारण इसे उच्च प्राथमिकता वाली श्रेणी में रखा गया है। यहां अभियान की विशेष निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों और दूसरे राज्यों से त्योहारों पर घर लौटे प्रवासियों से अपील की है कि वे 20 नवंबर तक चलने वाले इस विशेष अभियान में स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग करें। फाइलेरिया से बचाव के लिए एमडीए अभियान के तहत दी जाने वाली दवा का निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सेवन अवश्य करें। विभाग का कहना है कि सामूहिक दवा सेवन और जनसहभागिता से ही फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

23.75 लाख नए लाभुकों को मिला राशन कार्ड, 1448 नई पीडीएस दुकानों को अनुज्ञप्ति

बीएनएम @ मोतिहारी

पटना के ज्ञान भवन में गुरुवार को आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के 23 लाख 75 हजार नए लाभुकों को राशन कार्ड तथा जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की 1448 नई दुकानों के लिए अनुज्ञप्तियों का वितरण किया। इस कार्यक्रम का राज्य के सभी जिलों में सीधा प्रसारण किया गया। पूर्वी चंपारण जिले के समाहरणालय स्थित एनआइसी सभागार में प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। यहां जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, नगर आयुक्त आशीष कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार, प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सदर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने बताया कि



जिले में नए राशन कार्ड बनाने के लिए निर्धारित 12,600 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 17,893 राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं। पिछले तीन माह के दौरान पंचायत स्तर पर शिविरों और सहयोग शिविरों के माध्यम से आवेदन प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि जन वितरण प्रणाली की नई दुकानों के लिए अनुज्ञप्ति निर्गत करने की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। जिलाधिकारी श्री यादव ने कहा कि राशन कार्ड वितरण का मुख्य उद्देश्य पात्र परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जोड़कर खाद्य सुरक्षा का लाभ उपलब्ध कराना है। नए राशन कार्ड मिलने से पात्र लाभुक परिवारों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सरकारी खाद्यान्न प्राप्त करने में सुविधा होगी। राज्यस्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के बाद जिलाधिकारी ने जिला स्तर पर उपस्थित 10 लाभुकों के बीच राशन कार्ड का वितरण किया। इस दौरान लाभुकों में खुशी देखी गई।

युवती की मौत के बाद खेत में शव दफनाने का मामला, भाई गिरफ्तार

दीपावली की रात युवक से बातचीत को लेकर बहन को डांटा था, जहर खाने से मौत की आशंका; पुलिस ने कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बीएनएम @ मोतिहारी

कुण्डवाचैनपुर थाना क्षेत्र के तेलहारा कला गांव में युवती की मौत के बाद चोरी-छिपे खेत में शव दफनाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटनास्थल से कीटनाशक की दो खाली बोतलें भी बरामद की हैं। मामले में हत्या के बाद शव को साक्ष्य छिपाने की नीयत से दफनाने के बिंदु पर जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 12 नवंबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 11 नवंबर को चौकीदार के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि तेलहारा कला गांव में एक युवती की मौत के बाद उसका शव खेत में गड्ढा खोदकर दफना दिया गया है। सूचना पर वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए अंचलाधिकारी को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया। इसके बाद पुलिस और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी की मौजूदगी में जमीन से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटनास्थल से जहर की एक शीशी भी बरामद की गई। मामले के उद्भेदन के लिए चकिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के भाई विराज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वह तेलहारा कला गांव निवासी रामाशंकर साह का पुत्र है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में विराज कुमार ने बताया कि दीपावली की रात उसकी बहन एक लड़के से बातचीत कर रही थी। इसी बात को लेकर उसने बहन को डांटा था। इसके बाद युवती ने कथित तौर पर जहर खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव को खेत में दफना दिया। पुलिस ने घटनास्थल से मिल्थियन और मेटासिल की एक-एक खाली कीटनाशक बोतल बरामद की है। इस संबंध में कुण्डवाचैनपुर थाना कांड संख्या 347/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में चकिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक कुमार सहित थाना के पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

20 साल बाद मोतिहारी में लौटा सर्कस का रोमांच, रॉयल सर्कस से सजेगा शहर

» अफ्रीकी महिला कलाकारों की खास प्रस्तुति बनेगी आकर्षण का केंद्र, बच्चों और परिवारों के मनोरंजन के लिए एक महीने तक चलेगा रोमांच का सफर

बीएनएम@ निरज आनंद

मोतिहारी। कभी बच्चों से लेकर बड़ों तक के मनोरंजन का प्रमुख माध्यम रहा सर्कस एक बार फिर मोतिहारी की धरती पर अपना जादू बिखेरने को तैयार है। करीब दो दशक यानी 20 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद शहर में रॉयल सर्कस का भव्य आगमन हुआ है। नगर के छोटा बरियारपुर स्थित हवाई अड्डा मैदान में सर्कस का रंगारंग आयोजन किया जा रहा है। आज शुक्रवार को शाम 07:00 बजे नगर विधायक प्रमोद कुमार विधिवत रूप से इसका उद्घाटन करेंगे। रॉयल सर्कस के



आगमन से शहरवासियों में खासा उत्साह है। खासकर बच्चों के लिए यह आयोजन किसी रोमांचक सौगात से कम नहीं होगा। सर्कस में कलाकारों के हैरतअंगेज करतब, रोमांचकारी प्रस्तुतियां और मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम दर्शकों को आकर्षित करेंगे। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि पहली बार अफ्रीकी देशों की महिला कलाकार अपनी अनूठी कला और शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को रोमांचित करेंगी।

रोजाना होंगे तीन शो, एक महीने तक चलेगा मनोरंजन का सिलसिला–रॉयल सर्कस प्रबंधन संतोष नायर के अनुसार, दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन तीन शो आयोजित किए जाएंगे। पहला शो दोपहर 01:00 बजे, दूसरा 04:00 बजे और तीसरा शो शाम 07:00 बजे से शुरू होगा। प्रत्येक शो की अवधि दो घंटे निर्धारित की गई है। यह आयोजन लगातार एक महीने तक चलेगा, जिससे शहरवासियों को मनोरंजन का भरपूर अवसर मिलेगा।

100 रुपये से शुरू होगा टिकट, पांच साल से कम उम्र के बच्चों का प्रवेश मुफ्त–रॉयल सर्कस देखने के लिए टिकट की दरें 100, 200 और 300 रुपये रखी गई हैं। वहीं, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रवेश निःशुल्क मिलेगा। इससे परिवार के साथ सर्कस का आनंद लेने वालों को विशेष सुविधा होगी। सर्कस के मैनेजर संतोष नायर ने बताया कि दर्शकों, विशेषकर बच्चों और परिवारों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए कई आकर्षक और रोमांचक प्रस्तुतियों की तैयारी की गई है। उन्होंने शहरवासियों से सपरिवार पहुंचकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाने और इस मनोरंजक आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की। करीब 20 साल बाद मोतिहारी में सर्कस की वापसी ने उन पुरानी यादों को भी ताजा कर दिया है, जब सर्कस का नाम सुनते ही बच्चों के चेहरे खिल उठते थे। अब एक बार फिर छोटा बरियारपुर का हवाई अड्डा मैदान रंग-बिरंगी रोशनी, रोमांच और तालियों की गूंज से गुलजार होने को तैयार है।

छठ पूजा पर अलर्ट मोड में 102 एंबुलेंस सेवा, जिले में 97 एंबुलेंस तैनात

बीएनएम@ मोतिहारी

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए पूर्वी चंपारण में 102 एंबुलेंस सेवा को अलर्ट मोड पर रखा गया है। घाटों और प्रमुख संपर्क मार्गों पर आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए एंबुलेंस टीमों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में कुल 97 एंबुलेंस संचालित हैं, जिनमें 27 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट, 67 बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस और 3 शव वाहन शामिल हैं। सभी एंबुलेंस में प्रशिक्षित इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन तैनात हैं। ऑपरेशन और कॉल सेंटर टीम लगातार निगरानी कर रही है, ताकि जरूरतमंदों को समय पर निःशुल्क सहायता मिल सके। अक्टूबर 2026 में 102 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से जिले में 8,481 लोगों को सहायता दी गई। इनमें 7,063 गर्भवती महिलाएं, 84 नवजात एवं गंभीर मरीज, 228 सड़क दुर्घटना पीड़ित और 1,106 अन्य मरीज शामिल हैं। जेनप्लस सर्विसेज, बिहार के प्रोजेक्ट हेड दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि छठ पूजा के दौरान किसी भी मेडिकल इमरजेंसी में श्रद्धालुओं को तत्काल और भरोसेमंद सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से घाटों पर सावधानी बरतने, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने तथा आपात स्थिति में 102 पर कॉल कर निःशुल्क एंबुलेंस सेवा लेने की अपील की।

छठ पर्व को लेकर एसडीएम और डीएसपी ने चलाया स्वच्छता अभियान, छठ घाट से बाजार तक की सफाई

» अधिकारियों ने खुद संभाली सफाई की कमान, लोगों से स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाए रखने की अपील

बीएनएम@ हरसिद्धि



लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर गुरुवार को हरसिद्धि में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अरेराज एसडीएम सुजीत कुमार और डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मियों ने छठ घाट सहित पूरे बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई की। इस दौरान अधिकारियों ने स्वयं सफाई अभियान में हिस्सा लेकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। छठ पर्व के अवसर पर घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। इसे देखते हुए प्रशासन की ओर से घाटों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने के लिए विशेष पहल की गई। अभियान के दौरान छठ घाट, बाजार की सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई। साथ ही कचरे और गंदगी को हटाकर पर्व के अनुकूल स्वच्छ वातावरण तैयार करने पर जोर दिया गया। एसडीएम सुजीत कुमार ने कहा कि छठ पर्व आस्था और स्वच्छता का महापर्व है। ऐसे में पर्व के दौरान घाटों और सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने तथा इधर-उधर कचरा नहीं फेंकने की अपील की। वहीं डीएसपी पंकज कुमार ने पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान साफ-सफाई के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाना जरूरी है। इस स्वच्छता अभियान में बीडीओ अजय प्रकाश राय, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राघव प्रसाद, हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार, ई.राकेश गुप्ता, मार्कण्डेय कुशवाहा सहित प्रखंड एवं थाना के अन्य कर्मी और स्थानीय लोग शामिल हुए। अधिकारियों की इस पहल से छठ पर्व को लेकर क्षेत्र में स्वच्छता का संदेश दिया गया।

मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित, जिले में 35.10 लाख मतदाता दर्ज

12 दिसंबर तक दावा-आपत्ति का मौका, चार दिनों तक सभी मतदान केंद्रों पर चलेगा विशेष अभियान

बीएनएम@ मोतिहारी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर पूर्वी चंपारण जिले के सभी 12 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में नगर के समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त प्रारूप निर्वाचक सूची के अनुसार जिले में कुल 35,10,630 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 18,71,150 पुरुष, 16,39,418 महिला तथा 62 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। जिले का मतदाता लिंगानुपात 876 है। वहीं, बैठक में जिला पदाधिकारी



सौरभ सुमन यादव ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के सहयोग से निर्वाचक सूची को स्वच्छ, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाया जा सकता है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार जिले में विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से कुल 10,767 बीएलए नियुक्त किए गए हैं। इनमें भाजपा के 3,042, राजद के 3,360, कांग्रेस के 2,022, जदयू के 1,922, सीपीआई (मार्क्सवादी) के 256 तथा बसपा के 119 बीएलए शामिल हैं। जिला पदाधिकारी श्री यादव ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचक सूची में कोई भी योग्य मतदाता पंजीकरण से वंचित नहीं रहे। वहीं मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि वाले अयोग्य मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रारूप निर्वाचक सूची के प्रकाशन के बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक मतदाता ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्रपत्र-6, 7 एवं 8 के जरिए दावा एवं आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। इसके लिए 21 नवंबर, 22 नवंबर, 5 दिसंबर एवं 6 दिसंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे। इन सभी दिनों में प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ उपस्थित रहकर मतदाताओं से आवेदन प्राप्त करेंगे। प्राप्त दावा-आपत्तियों को बीएलओ द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज किया जाएगा। सभी आवेदनों का निष्पादन 18 दिसंबर 2026 तक सुनिश्चित किया जाएगा। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त आशीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी आशुतोष राय, भाजपा के डॉ. लाल बाबू प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी के राहुल शर्मा, कांग्रेस उपाध्यक्ष औसैदुर रहमान, जदयू के भरत पटेल, राजद के सुरेश सहनी, सीपीआई (मार्क्सवादी) के सत्येंद्र कुमार मिश्र, आम आदमी पार्टी के सुनील कुमार कुशवाह तथा लोजपा (रामविलास) के छटू कुमार पासवान सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का शुभारंभ

बीएनएम @ पताही। लोक आस्था, पवित्रता और सूर्योपासना का महापर्व छठ आज नहाय-खाय के अनुष्ठान के साथ शुरू हो रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को लेकर व्रतियों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। पर्व के पहले दिन व्रती पवित्र स्नान कर पूरी निष्ठा और शुद्धता के साथ भगवान सूर्य की आराधना करेंगे तथा पारंपरिक विधि-विधान से नहाय-खाय का प्रसाद ग्रहण करेंगे। छठ महापर्व को लेकर घरों से लेकर पूजा स्थलों तक तैयारियां तेज हो गई हैं। व्रती घरों की साफ-सफाई में जुटे हैं, वहीं बाजारों में भी पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर रौनक बढ़ गई है। बांस से बने सूप, दउरा, नारियल, केला, अन्य मौसमी फल, ईख और पूजन से जुड़ी सामग्रियों की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। चार दिवसीय इस महापर्व के कल दूसरे दिन खरना का अनुष्ठान किया जाएगा। इस दिन व्रती दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना करेंगे और गुड़ की खीर, रोटी सहित पारंपरिक प्रसाद ग्रहण करेंगे। खरना के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। पर्व के तीसरे दिन अर्थात परसों व्रती नदी, शहर, तालाब और अन्य जलाशयों के घाटों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। वहीं, चौथे और अंतिम दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का विधिवत समापन होगा। छठ महापर्व केवल धार्मिक आस्था और श्रद्धा का प्रतीक ही नहीं, बल्कि यह स्वच्छता, संयम, त्याग, तपस्या, समर्पण और सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें जाति, धर्म और आर्थिक भेदभाव से ऊपर उठकर सभी लोग एक साथ श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान भास्कर की आराधना करते हैं। अगले चार दिनों तक छठी मैया के पारंपरिक गीतों, पूजा-अर्चना और भक्तिमय माहौल से पूरा क्षेत्र सराबोर रहेगा। चारों ओर आस्था और उल्लास का वातावरण देखने को मिलेगा।

छठ घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, झूले और पटाखों पर रोक

बीएनएम @ बेतिया। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। बुधवार को जिलाधिकारी तरनजोत सिंह और एसएसपी कुमार गौतम ने नरकटियागंज के चीनी मिल घाट, धूमनगर घाट सहित कई संवेदनशील छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अर्घ्य के दौरान छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। घाटों पर पर्याप्त रोशनी, सुगम आवागमन और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। उन्होंने छठ से पहले सभी कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। सुरक्षा के मद्देनजर चीनी मिल घाट पर लगे झूले को हटाने तथा घाट परिसर में पटाखे फोड़ने पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी तैयारियां समय से पूरी करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बंद घर का ताला तोड़ चार लाख के जेवरात व नकदी चोरी

बीएनएम @ बगहा। बगहा पुलिस जिला के भैरोगंज थाना क्षेत्र के नड्डा पंचायत स्थित भैरोगंज बाजार के वार्ड संख्या-02 में चोरों ने एक सेवानिवृत्त शिक्षक के बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब चार लाख रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, सेवानिवृत्त शिक्षक वीरेंद्र चौबे का पूरा परिवार छठ महापर्व मनाने अपने पैतृक गांव बासगांव परसौनी गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बुधवार सुबह घर पहुंचे शिक्षक के नाती ने टूटा ताला और कमरे में बिखरा सामान देखकर परिवार को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही भैरोगंज थानाध्यक्ष सीता केवट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं लोगों की समस्याएं

बीएनएम @ बगहा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान एसपी राजेश कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। उन्होंने आवेदकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का भरोसा दिलाया। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निष्पक्ष एवं त्वरित निष्पादन के लिए एसपी ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनके समाधान की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने बताया कि आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई के लिए प्रत्येक कार्य दिवस पर जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसके तहत नागरिक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक एसपी कार्यालय, बगहा पहुंचकर अपनी शिकायतें और आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

बगहा के सात अंचलों के 49 विशेष सर्वेक्षण अमीनों का प्रशिक्षण शुरू

बीएनएम @ बगहा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश पर बगहा अनुमंडल के सात अंचलों में प्रतिनियुक्त विशेष सर्वेक्षण अमीनों का विभागीय प्रशिक्षण गुरुवार से शुरू हो गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय बगहा-1 के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में कुल 49 अमीन शामिल हुए। बगहा-2 के अंचलाधिकारी वसीम अकरम के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अमीनों को दाखिल-खारिज, राजस्व अभिलेख, जमाबंदी पंजी, खाता-खेसरा और खतियान से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही परिमार्जन प्लस पोर्टल और बिहार भूमि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन राजस्व कार्यों के निष्पादन की प्रक्रिया भी समझाई जा रही है। प्रशिक्षण में बिहार टेनेंसी एक्ट, भूमि अधिग्रहण, सरकारी एवं रैयती जमीन से जुड़े अधिकार और जिम्मेदारियां, अभियान बसेरा तथा भूमि सर्वेक्षण से संबंधित दस्तावेजों की जांच जैसे विषय शामिल हैं। अमीनों को जमीन की स्थिति, दखल-कब्जे और राजस्व अभिलेखों के सत्यापन की प्रक्रिया भी बताई जा रही है। प्रशिक्षण में बगहा-1, बगहा-2, रामनगर, भितहां, मधुबनी, पिपरासी और ठकराहा अंचल के अमीन भाग ले रहे हैं। विभागीय आदेश के अनुसार, हड़ताल में शामिल राजस्व कर्मचारियों के स्थान पर प्रतिनियुक्त विशेष सर्वेक्षण अमीनों को विभागीय कार्यों के सुचारू संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण 12 से 23 नवंबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य अमीनों की कार्यक्षमता बढ़ाने, ऑनलाइन राजस्व सेवाओं को प्रभावी बनाने तथा भूमि विवादों और राजस्व मामलों का पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करना है।

बगहा पुलिस ने 10 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

बीएनएम @ बगहा। बगहा पुलिस जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चलाए गए विशेष अभियान में विभिन्न मामलों के 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान नशीली दवाइयां, तीन मोबाइल, एक नेपाली पर्स में रखे 8,185 रुपये और एक चारपहिया वाहन बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिले में कुल 37 वारंट और दो कुर्की का निष्पादन किया गया। नौरंगिया थाना पुलिस ने वारंट के मामले में शत्रुधन मांझी और जितेन्द्र मुखिया को गिरफ्तार किया।

36 हजार बच्चों के छूटे पोलियो टीकाकरण पर सिविल सर्जन सख्त, मांगा जवाब

बीएनएम @ सीतामढ़ी

- जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की हुई समीक्षा, लंबित भुगतान जल्द करने का निर्देश
- छठ घाटों के आसपास ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने और आरआरटी को अलर्ट रहने का आदेश



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में लापरवाही पर सिविल सर्जन डॉ. आर.के यादव ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने पल्स पोलियो अभियान के दौरान करीब 27 हजार घरों और 36 हजार बच्चों के छूट जाने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। साथ ही छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी माइक्रोप्लान तैयार करने का निर्देश दिया। वे जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, नियमित टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान सिविल सर्जन ने कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार लाने और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। पल्स पोलियो अभियान की समीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में बच्चों और घरों के छूटने पर सिविल सर्जन ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने डुमरा, बोखरा समेत सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों (एमओआईसी) को छूटे हुए घरों की सूची तैयार कर दोबारा माइक्रोप्लान बनाने का निर्देश दिया। साथ ही अभियान में लगे पर्यवेक्षकों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण देने को कहा। नियमित टीकाकरण का शत-प्रतिशत डाटा यू-विन पोर्टल पर दर्ज करने और पात्र किशोरियों के एचपीवी टीकाकरण की तैयारी तेज करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक (बीसीएम) से स्पष्टीकरण मांगने का आदेश दिया गया। जननी बाल सुरक्षा योजना (जेबीएसवाई) के तहत लाभार्थियों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान में देरी पर सिविल सर्जन ने नाराजगी जताई। जिन प्रखंडों में लाभार्थियों को पूरी राशि नहीं मिली है, वहां के एमओआईसी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम के भुगतान के साथ स्वास्थ्य कर्मियों के लंबित वेतन और प्रोत्साहन राशि का भुगतान भी जल्द करने का निर्देश दिया। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान प्रसव के बाद होने वाले अत्यधिक रक्तस्राव (पीपीएच) के प्रभावी प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण और नवजात शिशुओं की समुचित जांच पर जोर दिया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि नवजात की पूरी जांच सुनिश्चित करने के बाद ही अस्पताल से छुट्टी दी जाए। इसके अलावा 23 नवंबर से 19 दिसंबर तक प्रस्तावित पुरुष नसबंदी पखवाड़े की तैयारियां समय पर पूरी करने को कहा गया। वहीं, छठ महापर्व को देखते हुए सभी पंचायतों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) के साथ समन्वय स्थापित कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया। आपात स्थिति से निपटने के लिए रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) को अलर्ट मोड में रखने को कहा गया। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत चिह्नित 29 गांवों में विशेष कैंप लगाकर दवा खिलाने का निर्देश दिया गया। वहीं, एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिए चयनित 33 स्वास्थ्य संस्थानों में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। एनीमिया मुक्त भारत अभियान, टीबी और एचआईवी जांच की गति बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में एनसीडी एलओ डॉ. सुरेंद्र कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, डीआईओ डॉ. मुकेश कुमार, सीडीओ डॉ. जेड. जावेद, डीपीएम विजय चंद्र झा, डीएमएंडई संतोष कुमार, डीपीसी दिनेश कुमार, डीएएम विकास कुमार और डीसी गौरव कुमार समेत पीरामल फाउंडेशन, यूनिसेफ, वाधवानी फाउंडेशन एवं पीएसआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके अलावा सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम और बीसीएम ने भी बैठक में भाग लिया।

कलवार सेवा समिति ट्रस्ट ने छठव्रतियों के बीच सूप एवं पूजन सामग्री का किया वितरण

बीएनएम @ सुगौली



लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर कलवार सेवा समिति ट्रस्ट, सुगौली की ओर से गुरुवार को स्थानीय राजा साह रामज्योती देवी विवाह भवन के सभागार में छठव्रतियों के बीच सूप एवं छठ पूजन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत ट्रस्ट के संरक्षक मिथिलेश कुमार गुप्ता एवं अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने सूप एवं पूजन सामग्री की विधिवत आरती एवं पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत, प्रखंड सहित समस्त देशवासियों को सूर्योपासना के महापर्व छठ की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही भगवान सूर्य एवं छठी मईया से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। समिति के सदस्यों ने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, परंपरा, स्वच्छता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस अवसर पर जरूरतमंद छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण करना समिति के सामाजिक एवं धार्मिक दायित्वों का हिस्सा है। मौके पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार, सचिव कुणाल कुमार, संरक्षक दुर्गा भास्कर, शंभू प्रसाद, विशाल कुमार, राज आर्यन, सत्यम कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

एसडीओ व एसडीपीओ ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

बीएनएम @ सुगौली



लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। इसी क्रम में गुरुवार को एसडीओ अरुण कुमार एवं एसडीपीओ दिलीप कुमार ने स्थानीय सिकरहना नदी स्थित विभिन्न छठ घाटों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छठ घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, नदी में बैरिकेडिंग, गोताखोरों की तैनाती, कंट्रोल रूम, चेंजिंग रूम तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर मौजूद कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों एवं छठ घाटों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। भीड़ नियंत्रण, सुचारू यातायात व्यवस्था तथा छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। वहीं, घाटों की तैयारियों का जायजा लेने के दौरान उप मुख्य पार्षद सरिता शर्मा ने बताया कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सिकरहना नदी सहित नगर पंचायत के सभी छठ घाटों पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह, जदयू नेता सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अली हसन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा, भाजपा नेता अंकुर चौधरी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुजीत सहनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

दुकान कब्जाने के विवाद में मुखिया गिरफ्तार, 50 लाख रंगदारी मांगने का आरोप

पिस्टल के बट से हमला कर सोने की चेन छीनने का भी है आरोप, दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

बीएनएम @ तुरकौलिया



दुकान खाली कराने और कब्जा जमाने को लेकर चल रहा विवाद अब रंगदारी और मारपीट के मामले में बदल गया है। इस मामले में पुलिस ने पचरूखा पश्चिमी पंचायत के मुखिया विनोद यादव को गिरफ्तार किया है। दुकानदार मिथिलेश पाठक ने मुखिया समेत पांच लोगों के खिलाफ 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने, मारपीट करने और सोने की चेन छीनने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पाठक टोला पटखौलिया निवासी दुकानदार मिथिलेश पाठक के अनुसार, सात नवंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे मुखिया विनोद यादव अपने चार अन्य साथियों के साथ भेला छपरा स्थित एनएच-28 किनारे उनकी किराये की दुकान पर पहुंचे। आरोप है कि दुकान खाली कराने और उस पर कब्जा जमाने की नीयत से सभी ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद उनसे 50 लाख रुपये रंगदारी की मांग की गई। दुकानदार का आरोप है कि रंगदारी देने से इनकार करने पर आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की। इस दौरान मुखिया ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल दिखाकर उन्हें धमकाया और पिस्टल के बट से हमला कर दिया। आरोप यह भी है कि मारपीट के दौरान उनके गले से करीब 1.10 लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन छीन ली गई। मिथिलेश पाठक ने इस मामले में मुखिया विनोद यादव के अलावा राजेंद्र यादव, बबलू यादव, राजेश यादव और विकास यादव को नामजद आरोपित बनाया है। आवेदन में दुकानदार ने बताया है कि दुकान पर कब्जे को लेकर पहले से विवाद चल रहा था और पूर्व में भी इस तरह की घटना हो चुकी है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि दुकानदार के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मुखिया विनोद यादव को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

130 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

बीएनएम @ सिकटा



जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में कंगली थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 130 ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान कंगली थाना क्षेत्र के बहुआरवा गांव निवासी मदन पटेल, पिता स्व. हरिश्चन्द्र पटेल के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पुलिस को युवक के पास गांजा होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और मदन पटेल को 130 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में कंगली थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में सूखे नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

हत्या के प्रयास के मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार, नशे में एक युवक धराया; 94 लीटर चुलाई शराब बरामद

बीएनएम @ पहाड़पुर



थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान चलाकर हत्या के प्रयास के मामले में पांच आरोपितों सहित कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, छापेमारी के दौरान 94 लीटर देसी चुलाई शराब भी बरामद की गई है। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि हत्या के प्रयास के मामले में नया गांव रायकरिया निवासी बुधन महतो, चानीडीह गांव निवासी मोहन पंडित और मुकेश पंडित तथा सोनवल शर्मा नगर गांव निवासी मनोज चौरसिया और मदन मिश्र को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं, शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र के करमवा गांव निवासी चुनचुन कुमार को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी छह गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसके अलावा शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान 94 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई है। शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है।

सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत पर भड़के विधायक

बीएनएम @ सुगौली



नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या- 20 स्थित बंगरा गांव में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का गुरुवार को विधायक राजेश गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में घटिया गुणवत्ता की सामग्री और निर्धारित मानकों के अनुरूप कम मात्रा में निर्माण सामग्री इस्तेमाल किए जाने की शिकायत विधायक से की। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में पत्थर का इस्तेमाल बेहद कम मात्रा में किया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने निर्माण कार्य का जायजा लिया और संबंधित संवेदक (ठेकेदार) को कड़ी चेतावनी दी। विधायक राजेश गुप्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्य जनता की सुविधा और हितों को ध्यान में रखकर किए जाते हैं। ऐसे कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अली हसन, पूर्व नगर उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, राजकिशोर सिंह, मनोज गुप्ता सहित कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

सोते समय किस दिशा में रखना चाहिए सिर?

वास्तु शास्त्र में अच्छी नींद और सकारात्मक ऊर्जा के लिए सोने की दिशा को महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि गलत दिशा में सिर रखकर सोने से मानसिक तनाव और नींद से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं। जानिए वास्तु के अनुसार सोते समय सिर किस दिशा में रखना चाहिए और किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। भारतीय वास्तु शास्त्र में घर की बनावट से लेकर सोने की दिशा तक को विशेष महत्व दिया गया है। मान्यता है कि व्यक्ति जिस दिशा में सिर रखकर सोता है, उसका असर उसकी ऊर्जा, मानसिक शांति और स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। वास्तु के अनुसार दक्षिण और पूर्व दिशा की ओर सिर करके सोना शुभ माना जाता है। 1. दक्षिण दिशा में सिर रखकर सोनाः वास्तु शास्त्र के अनुसार दक्षिण दिशा में सिर और उत्तर दिशा में पैर करके सोना सबसे अच्छा माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इससे सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और अच्छी नींद आती है। इसे सुख-समृद्धि और शांति से भी जोड़कर देखा जाता है। 2. पूर्व दिशा में सिर रखनाः पूर्व दिशा को ज्ञान और सकारात्मकता की दिशा माना गया है। मान्यता है कि इस दिशा में सिर रखकर सोने से एकाग्रता बढ़ती है। विद्यार्थियों और पढ़ाई करने वाले लोगों के लिए इसे विशेष रूप से अच्छा बताया जाता है। 3. पश्चिम दिशा में सिर रखनाः वास्तु के कुछ मतों में पश्चिम दिशा की ओर सिर करके सोना भी स्वीकार्य माना गया है। हालांकि, इसे दक्षिण और पूर्व दिशा जितना शुभ नहीं बताया जाता। 4. उत्तर दिशा में सिर रखकर सोने से बचेंः वास्तु शास्त्र में उत्तर दिशा की ओर सिर करके सोना अशुभ माना जाता है। पारंपरिक मान्यता के अनुसार इससे बेचैनी और नींद में बाधा आ सकती है। क्या कहता है विज्ञान?ः सोने की दिशा और स्वास्थ्य के बीच संबंध को लेकर वैज्ञानिक प्रमाण अभी निर्णायक नहीं हैं। अच्छी नींद के लिए नियमित दिनचर्या, शांत वातावरण, आरामदायक बिस्तर और पर्याप्त नींद अधिक महत्वपूर्ण हैं।

पीएम गतिशक्ति के पाँच वर्षः बुनियादी ढांचे की नई रफ्तार

नितेश धवन

पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान एक राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा मानचित्रण प्लेटफॉर्म से धीरे-धीरे विकसित होकर एक व्यापक नियोजन ढाँचे के रूप में उभरा है जो जीआईएस आधारित मंच के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों, राज्यों और बुनियादी ढांचा नेटवर्कों को एक साथ जोड़ता है ताकि एकीकृत योजनाएं बनाने और परियोजनाओं के समन्वय में सहायता मिल सके और वर्तमान में इसके दायरे में 58 केन्द्रीय मंत्रालय और विभाग तथा सभी 36 राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश शामिल हैं। भारत बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है जिसके लिए विभिन्न क्षेत्रों और परिवहन के साधनों के बीच समन्वय आवश्यक है क्योंकि सड़कें, रेलवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे, जलमार्ग और उपयोगिता सेवाओं के नेटवर्क अक्सर एक क्षेत्र में एक-दूसरे से जुड़ते हैं और इन नेटवर्कों की एक साथ योजना बनाने से लागत और समय की बचत करने, परियोजनाओं के बीच समन्वय स्थापित करने तथा मौजूदा बुनियादी ढांचे का अधिक कुशलतापूर्वक उपयोग करने में मदद मिल सकती है। इसी आवश्यकता के चलते 13 अक्टूबर 2021 को पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत की गई जिसके तहत विभिन्न मंत्रालयों, राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के आँकड़ों को एक साझा भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है ताकि योजनाकारों को बुनियादी ढांचा, भौगोलिक विशेषताओं, आर्थिक क्षेत्रों और अन्य संबंधित महत्वपूर्ण आँकड़ों को एक साथ देखने में मदद मिल सके। ऐतिहासिक रूप से भारत में विभिन्न मंत्रालय अलग-अलग रहकर काम करते थे जिससे सड़क निर्माण के बाद पाइपलाइन या केबल बिछाने के लिए सड़कों को फिर से खोदना पड़ता था लेकिन इस एकीकृत प्रणाली ने विभागों के बीच की इस खाई को पाटकर संसाधनों की बर्बादी को प्रभावी ढंग से रोका है।

पीएम गतिशक्ति के मार्गदर्शन के लिए छह सिद्धांत निर्धारित किए गए हैं जिनमें एकीकृत विकास, मल्टीमॉडल बुनियादी ढांचा, अंतिम छोर तक संपर्क की सुविधा, भूमि अधिग्रहण में तेजी, मंजूरियों की संख्या में कमी तथा पारिस्थितिक प्रभाव को कम करना शामिल है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में सात बुनियादी ढांचा इंजन शामिल हैं जिनमें सड़कें, रेलवे, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, सार्वजनिक परिवहन और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचा आते हैं। समग्र सरकारी नियोजन के तहत राष्ट्रीय मास्टर प्लान में 58 केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों तथा सभी 36 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया है जिससे विभिन्न क्षेत्रों में अवसंरचना संबंधी प्रस्तावों की योजना बनाने और उनका आकलन करने में मदद मिलती है। एकीकृत डिजिटल नियोजन के माध्यम से बुनियादी ढांचा और भू-स्थानिक जानकारी को एक साझा जीआईएस आधारित मंच पर एकत्रित किया गया है जबकि डेटा तक व्यापक पहुँच के अंतर्गत पीएम गतिशक्ति पब्लिक प्लेटफॉर्म 230 अनुमोदित डेटासेट तक पहुँच प्रदान करता है जिससे स्थल की उपयुक्तता का विश्लेषण, संपर्क सुविधा का मानचित्रण, मार्ग निर्धारण की योजना और अनुपालन संबंधी जाँच करने में मदद मिलती है और 12 अक्टूबर 2026 तक 23,493 से अधिक डेटा लेयर्स के माध्यम से यह जानकारी उपलब्ध कराई जा चुकी है। इन डेटा लेयर्स में वन क्षेत्र, नदी प्रणाली, मिट्टी की गुणवत्ता, बिजली की लाइनें और जनसंख्या घनत्व जैसी सूक्ष्म जानकारियां शामिल हैं जो किसी भी परियोजना की डीपीआर तैयार करने के समय को महीनों से घटाकर कुछ दिनों तक ले आई हैं। इस पहल के पूरक के रूप में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एकीकृत परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी दी है जो दीर्घकालिक परिवहन नियोजन और समन्वय पर ध्यान केंद्रित करते हुए दस वर्ष या उससे अधिक की अवधि को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय परिवहन मास्टर प्लान तैयार करेगा। यह प्राधिकरण क्षेत्रीय और वार्षिक परिवहन योजनाओं का आकलन करेगा, 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं का तकनीकी मूल्यांकन और निगरानी करेगा तथा फास्टैग, वाहन और जीएसटीएन ई-वे बिल जैसे स्रोतों से प्राप्त जानकारी को एकीकृत करके राष्ट्रीय परिवहन डेटा रिपॉजिटरी विकसित करेगा। पीएम गतिशक्ति के तीन-स्तरीय संस्थागत ढाँचे में अधिकार प्राप्त सचिवों का समूह, नेटवर्क नियोजन समूह और तकनीकी सहायता इकाई शामिल हैं। 11 अगस्त 2026 तक नेटवर्क नियोजन समूह ने लगभग 18.66 लाख करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत वाली 396 अवसंरचना परियोजनाओं का मूल्यांकन किया था जिनमें से 256 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी थी और 198 परियोजनाएँ कार्यान्वयन के चरण में थीं। इस संस्थागत समन्वय का सीधा असर देश की लॉजिस्टिक्स लागत पर पड़ा है जिसे सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में वैश्विक मानकों के अनुरूप लाने के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है और इससे भारतीय उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ी है।

गतिशक्ति विश्वविद्यालय परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों पर विशेष रूप से केंद्रित अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय है जिसे 2022 में स्थापित किया गया था और यह परिवहन से संबंधित विभिन्न विषयों में शिक्षा, कार्यकारी प्रशिक्षण और अनुसंधान को एक साथ जोड़ता है। यह विश्वविद्यालय पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान तथा राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति को सहयोग प्रदान करने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है और जुलाई 2026 तक इसने पाठ्यक्रमों के माध्यम से 2.4 लाख से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया था तथा अब यह समुद्री परिवहन, पुल एवं सुरंग इंजीनियरिंग तथा रक्षा लॉजिस्टिक्स जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहा है। केवल केंद्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि जिला स्तर पर भी इस मॉडल को लागू किया गया है जिससे आकांक्षी जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों, अस्पतालों और आंगनवाड़ी केंद्रों जैसे सामाजिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सटीक स्थान का चयन संभव हो सका है।

राष्ट्रीय मास्टर प्लान एक साझा मंच पर अवसंरचना, भौगोलिक विशेषताओं और जनसांख्यिकी से संबंधित जीआईएस आधारित डेटा को एकत्रित करता है और एकीकृत बुनियादी ढांचा नियोजन में सहायता के लिए वस्त्र एवं फार्मास्यूटिकल क्लस्टर, रक्षा गलियारे, इलेक्ट्रॉनिक पार्क, औद्योगिक गलियारे, मत्स्य क्लस्टर और कृषि क्षेत्र जैसे आर्थिक क्षेत्रों का मानचित्रण किया जाता है जिसका एक प्रमुख उदाहरण बिहार का खगड़िया-पूर्णिया गलियारा है जहाँ इस गलियारे के उन्नयन के तहत पाँच आर्थिक केन्द्रों और 11 लॉजिस्टिक्स केन्द्रों को जोडने का प्रस्ताव है। लॉजिस्टिक्स प्रणालियों को जोडने के लिए एकीकृत लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म सरकारी लॉजिस्टिक्स प्रणालियों के एपीआई-आधारित एकीकरण को सक्षम बनाता है जबकि लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक आयात-निर्यात कंटेनरों की आवाजाही की वास्तविक समय में निगरानी की सुविधा प्रदान करता है और जुलाई 2026 तक यूएलआईपी ने 142 एपीआई के माध्यम से 12 केन्द्रीय मंत्रालयों की 46 सरकारी प्रणालियों को एकीकृत किया है। इसके अतिरिक्त, अक्टूबर 2025 में भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान द्वारा विकसित क्वेरी-आधारित विश्लेषण तंत्र के माध्यम से इस प्लेटफॉर्म को निजी क्षेत्र के लिए भी खोल दिया गया है जिससे चयनित गैर-संवेदनशील डेटासेट तक नियंत्रित पहुँच प्राप्त होती है और निजी निवेशकों को अपने उद्योगों की स्थापना के लिए आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूल स्थानों का चुनाव करने में बड़ी आसानी हो रही है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से परियोजनाओं की प्रगति पर नजर रखने के लिए डैशबोर्ड बहु-क्षेत्रीय रिपोर्टिंग की सुविधा प्रदान करता है और डेटा अपलोडिंग एवं प्रबंधन प्रणाली विकेन्द्रीकृत स्तर पर डेटा के स्वामित्व और उसे वास्तविक समय में अपडेट करने की सुविधा उपलब्ध कराती है। इसके तहत कई प्रमुख परियोजनाएं प्रगति पर हैं जिनमें पुणे-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे शामिल है जो महाराष्ट्र और कर्नाटक के औद्योगिक एवं आर्थिक क्लस्टरों को जोड़ेगा और इसके पूरा होने से यात्रा के समय में 7 से 8 घंटे की कमी आने की उम्मीद है। असम में स्थित जोगीघोपा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क को पूर्वोत्तर क्षेत्र में सड़क, रेल और अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से माल की निर्बाध आवाजाही को सक्षम बनाने के लिए विकसित किया जा रहा है और ब्रह्मपुत्र नदी पर धुबरी और फूलबाड़ी के बीच बन रहे चार-लेन पुल से यात्रा का समय लगभग सात घंटे से घटकर 30 मिनट रह जाने की योजना है। इसके अलावा लद्दाख से हरियाणा तक के हरित ऊर्जा गलियारे के अंतर्गत 5 गीगावाट की पारेषण प्रणाली के माध्यम से 13 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी और ग्रिड एकीकरण को सक्षम बनाया जाएगा जिसे वित्त वर्ष 2029-30 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इस प्रकार अपनी शुरुआत के बाद पाँच वर्षों में पीएम गतिशक्ति एक राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा नियोजन पहल से विकसित होकर एक व्यापक डिजिटल नियोजन इकोसिस्टम बन चुका है जो न केवल आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत कर रहा है बल्कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में भी निर्णायक भूमिका निभा रहा है।

विद्युतीकरण से रोशन हुआ ग्राम चांगेर के 23 घर

धनंजय राठौर, संयुक्त संचालक



ताराशंकर सिन्हा, सहायक संचालक, जनसंपर्क रायपुर

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर ज़िले के अबूझमाड़ क्षेत्र के कई दूरदराज और नक्सल-प्रभावित गांवों में दशकों के अंधेरे के बाद पहली बार बिजली पहुंचाई गई है। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोडऩे के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कोण्डागांव जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित अति दुर्गम ग्राम चांगेर में आजादी लगभग 8 दशकों में पहली बार बिजली पहुंची है। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से कराए गए विद्युतीकरण कार्य के फलस्वरूप गांव के सभी 23 घर अब रोशनी से जगमगा उठे हैं।

अंधेरे से उजाले तक का सफरनामाः प्रशासनिक और भौगोलिक कारणों से जिन क्षेत्रों में आठ दशकों तक बिजली नहीं पहुँच पाई थी, वहाँ सरकारी प्रयासों और विभिन्न ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं के जरिए रोशनी पहुँची है। ग्राम चांगेर के ग्रामीण वर्षों से बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित थे। शाम ढलते ही गांव में अंधेरा छा जाता था। बच्चों को पढ़ाई के लिए लालटेन का सहारा लेना पड़ता था, वहीं रात के समय आवागमन में भी ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बिजली के अभाव में दैनिक जीवन के अनेक कार्य प्रभावित होते थे। ऐसे में गांव में विद्युतीकरण होना ग्रामीणों के लिए लंबे इंतजार के बाद पूरी हुई एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

ग्राम चांगेर के सभी 23 घरों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गएः ग्राम चांगेर तक विकास की रोशनी पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से 25.21 लाख रुपये की लागत से विद्युतीकरण कार्य कराया गया। इसके तहत गांव के सभी 23 घरों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल से ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा मिलने के साथ ही उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की नई संभावनाएं भी बनी हैं। लंबे समय से अंधेरे में जीवन गुजार रहे कई गाँवों और मजरों में पहली बार बिजली के बल्ब और स्मक् की रोशनी पहुँची है। बिजली आने से ग्रामीणों और बच्चों को अंधेरे से राहत मिली है तथा रात के समय कामकाज और पढ़ाई में आसानी हुई है।

आधुनिक सुविधाओं से जोडऩे की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः ग्राम चांगेर में बिजली पहुंचने से बच्चों को अब शाम के समय बेहतर रोशनी में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, ग्रामीणों को घरेलू कार्यों में सुविधा और रात के समय आवागमन में सहूलियत मिलेगी। बिजली की उपलब्धता से शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। यह सुविधा ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोडऩे की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सुरक्षित जीवन और बेहतर भविष्य की दिशा में एक नई शुरुआतः ग्राम चांगेर में पहली बार बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामवासियों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों के लिए यह केवल बिजली कनेक्शन मिलने की उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्षों से प्रतीक्षित सुविधा, सुरक्षित जीवन और बेहतर भविष्य की दिशा में एक नई शुरुआत है।

विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा दूरस्थ चांगेरः माओवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा की स्थिति में सुधार के साथ विकास कार्यों को गति मिल रही है। जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ एवं दुर्गम गांवों तक सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्राम चांगेर में विद्युतीकरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो अंतिम छोर पर बसे परिवारों तक विकास का लाभ पहुंचाने और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के संकल्प को दर्शाती है।

भारत की आजादी के 78 वर्षों बाद कोण्डागांव ज़िले के पूर्व में नक्सल-प्रभावित ग्राम चांगेर में दशकों के अंधेरे के बाद पहली बार बिजली पहुंचाई गई है। ग्रामीण झूम उठे और उनके चेहरों खुशी की लहर दिख रही है। सरकार ने सुदूर ग्रामीणों तक विकास कार्य पहुंचाने का काम किया है। मोदी सरकार का संकल्प स्पष्ट है कि विकास की रोशनी देश के अंतिम छोर तक पहुँचे, और कोई भी गांव अंधेरे में न रहे, उनकी इसी संकल्प को छत्तीसगढ़ की श्री विष्णु देव की सरकार साकार कर रही है।

भारत की आर्थिक दिवाली या दुनियाँ में मंदी का महाजाल?

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर दीपावली केवल दीपों,खुशियों और समृद्धि का पर्व नहीं है,बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश,निराशा पर आशा और संकट पर संकल्प की विजय का प्रतीक भी है।वर्ष 2026 की दीपावली ऐसे समय में आ रही है,जब भारतीय अर्थव्यवस्था एक ओर गरीबी उन्मूलन,हरित ऊर्जा,घरेलू उपभोग,मुक्त व्यापार समझौतों और आर्थिक सुधारों की नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रही है,वहीं दूसरी ओर वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव,महंगे कच्चे तेल,चीन के शेयर बाजार की कमजोरी और अमेरिका की अनिश्चित नीतियां विश्व अर्थव्यवस्था के सामने गंभीर प्रश्न खड़े कर रही हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि,इसलिए इस बार भारतीय निवेशकों और आम नागरिकों के लिए सबसे बड़ा संदेश है कि आर्थिक उपलब्धियों का उत्सव अवश्य मनाएं, लेकिन वैश्विक जोखिमों को नजरअंदाज करके वित्तीय निर्णय न लें।इस दीपावली हमारा संकल्प होना चाहिए,आर्थिक आत्मनिर्भरता निवेश में विवेक,ऊर्जा में स्वावलंबन, रोजगार में गुणवत्ता और विकास में समानता।क्योंकि असली समृद्धि वह नहीं जो केवल शेयर बाजार में चमके, बल्कि वह है जिसकी रोशनी देश के अंतिम नागरिक के घर तक पहुंचे।29 अक्टूबर को राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य आर्थिक सलाहकार वी.अनंत नागेश्वरन ने कहा कि वर्ष 2026 भारत के लिए 1991 जैसा महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। उनका आशय 1991 जैसी भुगतान संतुलन की आपातस्थिति से नहीं, बल्कि बदलती वैश्विकआर्थिक व्यवस्था में भारत को अपनी रणनीति बदलने की आवश्यकता से था। उन्होंने आयात प्रतिस्थापन,घरेलू विनिर्माण,निर्यात प्रतिस्पर्धा और महत्वपूर्ण संसाधनों में रणनीतिक आत्मनिर्भरता पर जोर दिया।आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं! साथियों बात अगर हम गरीबी उन्मूलन की ऐतिहासिक उपलब्धि :49.6 करोड़ लोगों के जीवन में बदलाव को समझने की करें तो इस दीपावली भारत के लिए सबसे उत्साहजनक समाचार विश्व बैंक की 30 अक्टूबर 2026 को चर्चा में आई अक्टूबर की इंडिया पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रिफ रिपोर्ट है। इसके अनुसार वर्ष 2011 से 2023 के बीच भारत में लगभग 49.6 करोड़ लोग प्रतिदिन 4.20 डॉलर की निम्न-मध्यम आय वाले देशों की अंतरराष्ट्रीय गरीबी सीमा से ऊपर आए। इस मानक पर गरीबी का अनुपात 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत रह गया।वहीं तीन डॉलर प्रतिदिन के अत्यधिक गरीबी मानक पर गरीबी 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत हुई।

दोनों आंकड़े 2021 की क्रयशक्ति समता यानी पीपीपी पर आधारित हैं। यह उपलब्धि घरेलू उपभोग, रोजगार में वृद्धि,ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती कार्य भागीदारी और खाद्यान्न सब्सिडी जैसे सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों से जुड़ी है।वर्ष 2017 से 2023 के बीच रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ की वृद्धि भी दर्ज की गई।इसका वैश्विक संदेश स्पष्ट है कि भारत का विशाल घरेलू बाजार निवेश और उत्पादन के लिए आकर्षक बन रहा है। लेकिन इस उपलब्धि के साथ विश्व बैंक ने आय की असमानता भी रेखांकित की है। शीर्ष 10 प्रतिशत और निचले 10 प्रतिशत के बीच आय का अंतर लगभग 13 गुना है। इसलिए गरीबी से बाहर निकलने के बाद अगली चुनौती गुणवत्तापूर्ण रोजगार,बेहतर वेतन,शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थायी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है।केवल गरीबी का आंकड़ा घटना पर्याप्त नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार की वास्तविक क्रयशक्ति बढ़ना भी आवश्यक है। साथियों बात अगर हम हरित हाइड्रोजन के 23 अनुबंधः भारत की ऊर्जा कूटनीति को नई ताकत को समझने की करें तो,भारत की दूसरी बड़ी उपलब्धि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत सामने आई है।नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की 29 अक्टूबर की जानकारी के अनुसार 2023 में मिशन शुरू होने के बाद भारतीय कंपनियों ने कुल 23 ऑफटेक अनुबंध किए हैं, जिनकी प्रतिबद्धता लगभग 5,55, 610 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष हरित हाइड्रोजन समतुल्य है। इनमें 2026 के दौरान 18 नए समझौते हुए हैं और 70 प्रतिशत से अधिक मात्रा निर्यात के लिए निर्धारित है। इन परियोजनाओं से लगभग 90,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है।जापान,दक्षिण कोरिया और यूरोपीय बाजारों के साथ ग्रीन अमोनिया तथा ग्रीन मेथनॉल के समझौते भारत को स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण स्थान दिला सकते हैं।इससे विदेशी मुद्रा अर्जन, रोजगार,तकनीकी निवेश, औद्योगिक विकास और ऊर्जा कूटनीति को मजबूती मिलेगी।हालांकि ध्यान रहे कि ये खरीद-आपूर्ति प्रतिबद्धताएं हैं,पूरी हो चुकी उत्पादन उपलब्धियां नहीं परियोजनाओं का समय पर निर्माण, सस्ती नवीकरणीय बिजली, जल उपलब्धता और प्रतिस्पर्धी उत्पादन लागत ही इन समझौतों को वास्तविक आर्थिक सफलता में सटीकता से बदलेंगे। साथियों, इसी दिशा में केंद्र सरकार ने 26 अक्टूबर को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन करके ई85 के साथ ई 100 ईंधन को भी मान्यता दी है। यह भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।ई 100 मुख्यतःएथेनॉल आधारित ईंधन है,जिसका उपयोग केवल उसके अनुकूल और प्रमाणित फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों में किया जा सकेगा। सामान्य ई 20 वाहनों को ई100 के अनुकूल नहीं माना जा सकता।भारत में गन्ना, मक्का और अन्य कृषि आधारित स्रोतों से एथेनॉल उत्पादन बढ़ने पर किसानों की आय, ग्रामीण उद्योग और रोजगार को लाभ मिल सकता है।

सबसे बड़ा रणनीतिक लाभ कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने का है। लेकिन इसके लिए एथेनॉल की पर्याप्त उपलब्धता, खाद्य सुरक्षा, जल संसाधनों का संतुलित उपयोग, वाहन निर्माण और देशव्यापी ईंधन वितरण नेटवर्क विकसित करना होगा। साथियों बात अगर हम चीन का 3.5 ट्रिलियन डॉलर का शेयर बाजार झटकाः भारत के लिए अवसर या चेतावनी? को समझने की करें तो,दूसरी ओर चीन का शेयर बाजार निवेशकों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तकउपलब्ध बाजार रिपोर्टों के अनुसार सीएसआई 300 सूचकांक में लगातार 12 सप्ताह की साप्ताहिक गिरावट दर्ज हुई, जो 2005 में इसके आरंभ के बाद सबसे लंबी गिरावट बताई गई है। मई के शिखर से चीनी शेयर बाजार लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर का बाजार मूल्य गंवा चुका है। इसके पीछे कमजोर घरेलू मांग, कंपनियों के मुनाफे में गिरावट, रियल एस्टेट संकट, इलेक्ट्रिक वाहन और तकनीकी कंपनियों में प्रतिस्पर्धा, एआई निवेश पर बढ़ते खर्च तथा सरकारी प्रोत्साहन की प्रभावशीलता को लेकर अनिश्चितता प्रमुख कारण हैं।एआई क्षेत्र में भारी पूंजी लगाने के बावजूद निवेश पर अपेक्षित प्रतिफल न मिलने की आशंका ने भी तकनीकी शेयरों पर दबाव बढ़ाया है। चीन की यह स्थिति भारत के लिए अवसर पैदा कर सकती है, क्योंकि वैश्विक कंपनियां वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र तलाश रही हैं। भारत को इसका लाभ तभी मिलेगा जब वह लॉजिस्टिक्स, उत्पादन लागत, कौशल, नीतिगत स्थिरता और निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार करेगा। केवल चीन की कमजोरी से भारतीय बाजार अपने आप मजबूत नहीं हो जाएगा। साथियों बात अगर हम ट्रंप की 1929 जैसी महामंदी की चेतावनीः क्या दुनिया फिर आर्थिक तबाही की ओर? को समझने की करें तो,अमेरिका में 3 नवंबर 2026 को होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आर्थिक और राजनीतिक बयान वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा रहे हैं।12 अक्टूबर को ओहायो की चुनावी सभा में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि डेमोक्रेटिक पार्टी जीतती है तो अमेरिका को 1929 जैसी आर्थिक महामंदी का सामना करना पड़ सकता है और लोगों के 401(के) सेवानिवृत्ति निवेश की कीमत प्रभावित हो सकती है। 27 अक्टूबर को टेक्सास की सभा में भी उन्होंने इसी प्रकार की चेतावनी दोहराई। लेकिन यह ट्रंप का चुनावी राजनीतिक दावा है, किसी आर्थिक संस्था का प्रमाणित पूर्वानुमान नहीं।1929 की महामंदी के पीछे शेयर बाजार का पतन,बैंकिंग संकट, मांग में भारी कमी, बेरोजगारी और मौद्रिक नीतियों की विफलताएं थीं।

(- लेखक क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी) हैं)



मेष राशि : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा और मंत्रियों की विदेशी यात्राएं हो सकती हैं, साथ ही किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार-विमर्श करेंगे और टेक्सटाइल का काम कर रहे लोगों को अचानक बड़ा फायदा मिलने से आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज के दिन आपको अपनी वाणी में मधुरता बनाए रखनी चाहिए ताकि परिवार और मित्रों के साथ संबंध और अधिक प्रगाढ़ हो सकें।

वृषभ राशि : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा और कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलने के साथ ही परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बन सकती है। व्यापार में नए अवसर मिलने से मन उत्साहित रहेगा और पुरानी समस्याओं का समाधान निकलेगा। छात्रों के लिए समय मेहनत करने का है, जिसका अनुकूल परिणाम आने वाले दिनों में अवश्य प्राप्त होगा।

मिथुन राशि : आज आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है क्योंकि जरा सी लापरवाही से बनते हुए काम बिगड़ सकते हैं, जबकि नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नए अवसर मिलने के योग हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते समय जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा जिससे घरेलू माहौल शांत रहेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से खान-पान पर विशेष ध्यान दें और बाहर के भोजन से परहेज करें।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए मानसिक शांति लेकर आएगा जिसमें कारोबार में लंबे समय से रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है और परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार होगी। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच मिलेगा। मित्रों की सलाह से आपके कई अटके हुए कार्य गति पकड़ेंगे और मन में सकारात्मकता बनी रहेगी।

सिंह राशि : आज का दिन आपके पराक्रम और आत्मविश्वास में वृद्धि करेगा जिससे राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को मान-सम्मान की प्राप्ति होगी और कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। व्यापारिक मामलों में कोई बड़ा निर्णय लेने से पहले अनुभवी लोगों की राय जरूर लें। जीवनसाथी के साथ किसी खूबसूरत जगह घूमने जाने का प्लान बन सकता है जिससे आपसी दूरियां मिटेंगी।

कन्या राशि : आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए ताकि किसी से अनावश्यक विवाद न हो और आर्थिक मामलों में समझदारी से निर्णय लेते हुए बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। कार्यस्थल पर आपके काम की तारीफ होगी जिससे वरिष्ठ अधिकारियों का समर्थन प्राप्त होगा। सेहत के मामले में थोड़ी सावधानी बरतें और नियमित रूप से योग व प्राणायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

तुला राशि : आज आपके सोचे हुए सभी कार्य समय पर पूरे होंगे जिससे व्यापार में अचानक नए अनुबंध मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा जिससे आपका दायरा बढ़ेगा। विद्यार्थियों का मन पठन-पाठन में लगेगा और शिक्षकों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

वृश्चिक राशि : आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने की जरूरत है और अनावश्यक खरीदारी से बचते हुए कार्यस्थल पर विरोधियों से सतर्क रहना चाहिए क्योंकि किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न करेगी। कानूनी मामलों में किसी भी तरह की जल्दबाजी दिखाने से बचें और कागजातों को अच्छी तरह जांच लें।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए बेहद

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ चौथे और पांचवें वनडे के लिए ब्रेट रैंडेल को किया टीम में शामिल

एजेंसी, वेलिंगटन

भारत के खिलाफ चौथे और पांचवें वनडे मुकाबले के लिए न्यूजीलैंड ने अपनी टीम में बदलाव किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल करने की घोषणा की। इसके अलावा जोश क्लार्कसन को भी सीरीज के पांचवें और अंतिम वनडे के लिए टीम में वापस बुलाया गया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक पदार्पण नहीं करने वाले रैंडेल हाल ही में डर्बीशायर की ओर से काउंटी चैंपियनशिप में खेलकर लौटे हैं। उनसे इस सीरीज में न्यूजीलैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है।

वहीं, क्लार्कसन न्यूजीलैंड के लिए अब तक छह वनडे मुकाबले खेल चुके हैं। उन्होंने आखिरी बार इस साल अप्रैल में बांग्लादेश के खिलाफ राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था।



इन दोनों खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने का फैसला चोटों की समस्या, खासकर तेज गेंदबाजी विभाग में खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण लिया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, "जब किसी खिलाड़ी को पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह मिलती है, तो यह हमेशा खास मौका होता है। हम ब्रेट के लिए बहुत खुश हैं। वह पिछले कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने इस अवसर को हासिल किया है।"

उन्होंने कहा, "पूरी सीरीज के दौरान टीम में कुछ बदलाव हुए हैं। ऐसे में हम भाग्यशाली हैं कि ब्रेट और जोश को टीम में शामिल कर सके। इस सप्ताहांत मौसम अच्छा रहने की उम्मीद है। हमें उम्मीद है कि सीरीज का समापन शानदार अंदाज में होगा।"

चौथे और पांचवें वनडे के लिए नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के पाथवे कोच मिच रेनविक और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच कोरी माइल्स भी रॉब वाल्टर और मार्टिन गुप्टिल के साथ टीम से जुड़ गए हैं। वहीं, गेंदबाजी कोच जैकब ओरम, बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच क्रिस डोनाल्डसन टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए वेलिंगटन रवाना हो गए हैं।

चौथे वनडे के लिए न्यूजीलैंड की टीमः मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, क्रिस्टियन क्लार्क, जैकब डफी, मैट फिशर, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मिच हे (विकेटकीपर), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, निक केली, ब्रेट रैंडेल, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर) और विल यंग।

पांचवें वनडे के लिए न्यूजीलैंड की टीमः मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, क्रिस्टियन क्लार्क, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, मैट फिशर, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मिच हे (विकेटकीपर), निक केली, ब्रेट रैंडेल, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), ब्लेयर टिकनर और विल यंग।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : विवेक शेलार ने महाराष्ट्र टीम में चयन का श्रेय आईएसपीएल को दिया

एजेंसी, मुंबई

इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) में अपनी रफ्तार और शानदार प्रदर्शन से पहचान बनाने वाले भिवंडी के तेज गेंदबाज विवेक शेलार को आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए महाराष्ट्र की टीम में चुना गया है। 26 वर्षीय शेलार ने इसी साल फरवरी में खेले गए अपने पहले आईएसपीएल सत्र में कोलकाता टाइगर्स के लिए नौ विकेट लिए थे। इसमें एलिमिनेटर मुकाबले में ली गई हैट्रिक भी शामिल है। कोलकाता टाइगर्स के सह-मालिक सैफ अली खान, करीना कपूर खान और सौरव गांगुली हैं। आईएसपीएल में सबसे तेज गेंदबाज रहे शेलार ने टूर्नामेंट के दौरान 145.2 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। उन्होंने महाराष्ट्र टीम में चयन का श्रेय आईएसपीएल में अपने प्रदर्शन को दिया। शेलार के मुताबिक, चयनकर्ताओं ने आईएसपीएल में उनकी गेंदबाजी और रफ्तार पर लगातार नजर रखी, जिसके बाद उन्हें महाराष्ट्र के लिए खेलने का मौका मिला। शेलार ने कहा,



"आईएसपीएल और वहां मेरे प्रदर्शन की वजह से ही मुझे राजस्थान रॉयल्स के ट्रायल में अभ्यास के लिए बुलाया गया था। चयनकर्ताओं ने आईएसपीएल में मेरे प्रदर्शन और गेंदों की रफ्तार देखने के बाद मुझ पर भरोसा जताया।" उन्होंने कहा, "अब सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए चयन हुआ है तो मैं वहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। उम्मीद है कि इसके बाद आईपीएल में भी चयन हो सकेगा। मेरा लक्ष्य यही है, लेकिन सबसे पहले मैं महाराष्ट्र को जीत दिलाने की कोशिश करूंगा।" भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना हर क्रिकेटर की तरह शेलार भी देखते हैं, लेकिन वह फिलहाल एक-एक कदम आगे बढ़ना चाहते हैं। महाराष्ट्र की टीम में ऋतुराज गायकवाड़ और पृथ्वी शॉ जैसे भारतीय सितारे शामिल हैं। शेलार इस टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर अपनी जगह मजबूत करना चाहते हैं। भारत की पहली टेनिस बॉल आधारित टी10 क्रिकेट लीग आईएसपीएल ने स्थानीय स्तर पर टेनिस बॉल क्रिकेट खेलने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पेशेवर क्रिकेट तक पहुंचने का मंच दिया है। शेलार के लिए यह अनुभव बेहद खास रहा है। उन्होंने बताया कि जब वह गांव में खेलते हैं और उनका मैच टेलीविजन पर सीधा प्रसारित होता है तो वहां त्योहार जैसा माहौल बन जाता है।

जापान मास्टर्स : त्रीसा-गायत्री और हरिहरन-अर्जुन की चुनौती समाप्त

एजेंसी, कुमामोटो

जापान मास्टर्स-2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को भारतीय खिलाड़ियों का सफर निराशाजनक रहा। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा पुरुष युगल में हरिहरन अम्सकरुणन और एमआर अर्जुन को प्री-क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता त्रीसा और गायत्री की जोड़ी को जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी ने 21-14, 21-14 से हराया। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में जापान की हिनाता सुजुकी और नाओ यामाकिता को 42 मिनट में 21-17, 21-14



से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पहले गेम से ही जापानी जोड़ी ने दबदबा बनाए रखा। इवानागा और नाकानिशी ने लगातार छह अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में त्रीसा और गायत्री ने शानदार वापसी की कोशिश की। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार अंक जुटाए और शुरुआती दौर में 5-1 की बढ़त बना ली। मुकाबला 14-14 तक बराबरी पर रहा, लेकिन इसके बाद जापानी खिलाड़ियों ने लगातार सात अंक हासिल कर मैच जीत लिया। मुकाबला करीब 40 मिनट चला। इससे पहले पुरुष युगल में हरिहरन अम्सकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी भी हारकर बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी का सामना जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से हुआ। होकी और कोबायाशी 2021 विश्व चैंपियनशिप के विजेता हैं। हरिहरन और अर्जुन ने पिछले दौर में पूर्व विश्व चैंपियन मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर उलटफेर किया था, लेकिन इस बार जापानी जोड़ी ने उन्हें 21-14, 21-14 से शिकस्त दी। यह मुकाबला 35 मिनट से कुछ अधिक समय तक चला।

न्यूजीलैंड ने अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में भारत को 5-0 से हराया

एजेंसी, ऑकलैंड

कप्तान क्रिस वुड के एक गोल और जेसी रैंडेल के दो गोल की बदौलत न्यूजीलैंड ने गुरुवार को यहां खेले गए अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मुकाबले में भारत को 5-0 से करारी शिकस्त दी। मेजबान टीम ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और भारतीय टीम को एक भी गोल नहीं करने दिया। न्यूजीलैंड ने पांचवें मिनट में जवाबी हमले पर गोल कर बढ़त हासिल की। परमवीर द्वारा गेंद को क्लीयर किए जाने के बाद रैंडेल ने पेनल्टी बॉक्स में कटबैक दिया, जिस पर भारतीय डिफेंडर बिजॉय वर्गीस से गेंद टकराकर गोलपोस्ट में चली गई। इसके बाद भी रैंडेल ने



भारतीय रक्षापंक्ति को लगातार परेशान किया और पहले हाफ में 34वें तथा 43वें मिनट में गोल कर अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी। दूसरे हाफ में न्यूजीलैंड के कप्तान क्रिस वुड ने भी गोल किया। उन्होंने 57वें मिनट में कैलन इलियट के क्रॉस पर शानदार हेडर लगाकर गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया। इस सत्र में गोल के लिए जूझ रहे वुड का यह न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय टीम के लिए सितंबर 2025 के बाद पहला गोल था। तब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-3 की हार में गोल किया था। भारतीय टीम की मुश्किलें 75वें मिनट में और बढ़ गईं, जब लियाम गिलियन के क्रॉस पर लैचलन बेलिस ने बेहतरीन हाफ-वॉली शॉट लगाकर स्कोर 5-0 कर दिया। पिछले महीने उरुग्वे के खिलाफ छह गोल गंवाने वाली भारतीय टीम पर एक बार फिर बड़ी हार का खतरा मंडराने लगा था। मैच में छठा गोल भी हो सकता था, जब मैथ्यू शेरिडन के प्रयास पर आकाश मिश्रा ने पेनल्टी बॉक्स में हाथ से गेंद रोक दी। हालांकि, 17 महीने बाद शुरुआती एकादश में वापसी कर रहे गोलकीपर विशाल कैथ ने बिल टुइलोमा के प्रयास को शानदार तरीके से रोककर छठा गोल नहीं होने दिया। हालांकि, तब तक भारतीय टीम को काफी नुकसान हो चुका था। मुख्य कोच खालिद जमील के नेतृत्व में टीम का खराब प्रदर्शन जारी रहा। भारत ने अपने पिछले दो मुकाबलों में केवल एक गोल किया है, जबकि 11 गोल गंवाए हैं।

बिजनेस

एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में बना दबाव, सोना-चांदी और क्रूड के साथ ही बेस मेटल में भी गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू कमोडिटी मार्केट (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज-एमसीएक्स) में आज गुरुवार, 12 नवंबर को सुबह के शुरुआती कारोबार के दौरान कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी महंगाई के ऊंचे आंकड़ों और डॉलर इंडेक्स में आई मजबूती का सीधा असर कीमती धातुओं पर दिखाई दे रहा है। इसके कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना और चांदी दोनों ही गिरावट के साथ लाल निशान में खुले हैं। एनर्जी मार्केट में भी कच्चे तेल की कीमतों में नरमी जारी है, जबकि इंडस्ट्रियल बेस मेटल (औद्योगिक धातुओं) में मिला-जुला कारोबार हो रहा है। सर्राफा बाजार की बात करें तो आज सुबह अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत फिसल कर 3,971.75 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गई। इसी तरह कॉमेक्स पर चांदी भी करीब एक प्रतिशत टूटकर 51.47 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रही है। घरेलू स्तर पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज



में सोना वायदा 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,39,245 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला। वहीं, चांदी वायदा में भी 0.94 प्रतिशत की कमजोरी आई और यह 1,82,794 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर आ गई। एनर्जी मार्केट में कच्चे तेल की कीमत पर आज भी बिकवाली का दबाव हावी है। अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता में गतिरोध बने रहने के बावजूद सैन्य तनाव टलने के संकेतों से तेल सस्ता हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड आज 1.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 91.24 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आ गया। इसी तरह अमेरिकी क्रूड यानी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई क्रूड) भी नरमी के साथ 85.20 डॉलर प्रति बैरल के निचले स्तर तक लुढ़क गया। औद्योगिक धातुओं यानी बेस मेटल्स में आज अलग-अलग रुख देखने को मिल रहा है। घरेलू बाजार में एल्यूमिनियम की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है। इस गिरावट के कारण एल्यूमिनियम 0.78 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 334 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास बना हुआ है। दूसरी ओर, कॉपर के भाव में हल्की सुस्ती का रुख बना हुआ है। फिलहाल ये धातु 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,334.50 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बना हुआ है। कमोडिटी बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिका में महंगाई दर उम्मीद से अधिक रहने के कारण फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों पर सख्त रुख अपनाने की आशंका बढ़ गई है। इससे अमेरिकी डॉलर को मजबूती मिली है, जो सोने और चांदी जैसी गैर-ब्याज वाली संपत्तियों पर दबाव बना रहा है। विश्लेषकों के अनुसार, शॉर्ट टर्म में कीमती धातुओं और कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव का यह सिलसिला जारी रह सकता है।

गोयल का वैश्विक निवेशकों से आग्रह- भारत को बनाएं अपना निवेश ठिकाना

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को वैश्विक निवेशकों से भारत को अपना अगला निवेश का ठिकाना बनाने का आग्रह किया। उन्होंने वैश्विक निवेशकों से भारत में निवेश करने और उद्योगों से गुणवत्ता एवं टिकाऊपन पर ध्यान देने का आग्रह करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत निवेश के लिए एक सुरक्षित गंतव्य है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दो दिवसीय 31वें कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) साझेदारी सम्मेलन में पहले दिन संबोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने एक हिन्दी पिक्चर के चर्चित डॉयलाग का उल्लेख करते हुए कहा कि कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा? एक समय पूरा देश यही सवाल पूछ रहा था। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक व्यापार में साझेदार एक अलग ही सवाल पूछ रहे हैं कि हम किस पर भरोसा कर सकते हैं? इसका जवाब है-भारत। एक ऐसा साझेदार, जो अपनी बात का पक्का है। एक ऐसा साझेदार जो कभी पीठ में छुरा नहीं घोंपेगा।

एमएससीआई रिव्यूः एलआईसी और मीशो समेत 4 दिग्गज कंपनियों को ग्लोबल इंडेक्स में मिली जगह

एजेंसी, नई दिल्ली

ग्लोबल इंडेक्स सर्विस प्रोवाइडर एमएससीआई (मॉर्गन स्टेनली कैपिटल इंटरनेशनल) ने अपने नवंबर 2026 के तिमाही समीक्षा के नतीजों की घोषणा कर दी है। इस ताजा फेरबदल में भारतीय शेयर बाजार की चार दिग्गज कंपनियों को एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में जगह मिली है। शामिल होने वाली कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), कोफोर्ज, अदाणी ग्रीन एनर्जी और ई-कॉमर्स कंपनी मीशो के नाम प्रमुख हैं। दूसरी ओर पीआई इंडस्ट्रीज को इस सूचकांक से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। ये सभी नए बदलाव 30 नवंबर को बाजार बंद होने के बाद प्रभावी रूप से लागू किए जाएंगे। इस बड़े बदलाव से भारतीय बाजार में विदेशी निवेश का प्रवाह और तेज होने की उम्मीद है। नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च के अनुमान के मुताबिक, ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में शामिल होने से इन चारों कंपनियों में फॉरेन कैपिटल इनफ्लो तेज हो सकता है। इसमें सबसे ज्यादा 63 करोड़ डॉलर का



संभावित निवेश कोफोर्ज के शेयरों में आने की उम्मीद है। इसके अलावा एलआईसी में 46.8 करोड़ डॉलर, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 34.8 करोड़ डॉलर और मीशो में 30.7 करोड़ डॉलर का विदेशी निवेश आ सकता है। इसके विपरीत, पीआई इंडस्ट्रीज के इंडेक्स से बाहर होने के कारण इस स्टॉक से लगभग 11.9 करोड़ डॉलर की पूंजी निकलने (फॉरेन कैपिटल आउटफ्लो) की आशंका जताई गई है। नई कंपनियों को शामिल करने के साथ ही एमएससीआई ने 11 मौजूदा भारतीय कंपनियों का वेटेज भी बढ़ाया है। इन कंपनियों में ग्रो की पैरेंट कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स, लेंसकार्ट, जेएसडब्ल्यू स्टील, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, कोल इंडिया और पेटीएम शामिल हैं। इसके अलावा भारत फोर्ज, ऑरकेल फाइनेंशियल सर्विसेज, जायडस लाइफसाइंसेज, वेदांता और बॉश का भी वेटेज बढ़ा है। इस बढ़ोतरी से इन शेयरों में 1 करोड़ से लेकर 9.7 करोड़ डॉलर तक का नया निवेश आ सकता है। दूसरी तरफ, एनटीपीसी, आयशर मोटर्स, ग्रासिम, आरईसी, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, सिप्ला, गेल, एमआरएफ और सीमेंस इंडिया का वेटेज घटाया गया है, जिससे इनमें पूंजी निकासी देखने को मिल सकती है। वैश्विक स्तर पर एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स में शामिल होने वाली तीन सबसे बड़ी नई कंपनियों में भारत की एलआईसी ने भी अपनी जगह बनाई है। इस रिव्यू के बाद इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स में भारत का कुल वेटेज 12.9 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 13.15 प्रतिशत होने का अनुमान है। मुख्य सूचकांक यानी एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स के अलावा एमएससीआई इंडिया स्मॉल कैप इंडेक्स में भी बड़ा उलटफेर हुआ है। इस इंडेक्स में पीआई इंडस्ट्रीज, शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीस, अपोलो माइक्रो सिस्टम्स और हुडको समेत कुल 11 नई कंपनियों को जोड़ा गया है।

शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच शानदार रिकवरी का रुख बना हुआ है। आज जारी होने वाले खुदरा महंगाई के आंकड़ों से पहले निवेशकों की सतर्कता के कारण बाजार की शुरुआत लाल निशान में कमजोरी के साथ हुई थी। हालांकि, बाजार खुलने के कुछ ही मिनटों के भीतर खरीदारों ने निचले स्तरों पर मोर्चा संभाल लिया। खासकर, बीमा और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर की दिग्गज कंपनियों में आई जोरदार लिवाली के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों प्रमुख सूचकांक अपनी शुरुआती गिरावट को पूरी तरह



पाट कर हरे निशान में आ गए। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10:30 बजे सेंसेक्स 0.34 प्रतिशत और निफ्टी 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ ट्रेड कर रहे थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स आज 117.13 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 81,762.27 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक फिसलकर 81,576.15 अंक के निचले स्तर तक भी आया। इसके बाद फाइनेंशियल और इंश्योरेंस सेक्टर के शेयरों में शुरू हुई बंपर खरीदारी से बाजार को काफी सपोर्ट मिला। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 278.88 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,158.28 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा था। सेंसेक्स की ही तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी 50 ने भी आज गिरावट के झटके से उबर कर बेहतरीन वापसी की। निफ्टी 50 सूचकांक ने आज सुबह 41.55 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,213.50 अंक के स्तर से अपने कारोबार की शुरुआत की थी।

सर्राफा बाजार में फीकी पड़ी सोने की चमक, चांदी के भाव में भी गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 650 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 710 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 1,970 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह, चांदी के भाव में आज शुरुआती कारोबार में 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में बदलाव होने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,41,970 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,30,140 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,30,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण यह चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,42,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,30,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,41,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,30,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

डॉलर के मुकाबले कमजोर शुरुआत के बाद रुपये ने बनाई बढ़त, एफआईआई के डॉलर इनफ्लो से मिला सहारा

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार (फॉरेक्स मार्केट) में आज शुरुआती कारोबार के दौरान भारतीय मुद्रा की चाल में तेजी बनी हुई नजर आ रही है। रुपये ने आज अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मामूली कमजोरी के साथ शुरुआत की थी। हालांकि कारोबार शुरू होने के थोड़ी देर बाद ही रुपये ने सुधर कर बढ़त बना ली। इसके पहले पिछले कारोबारी सत्र यानी बुधवार को रुपया 25 पैसे की मजबूती के साथ 93.69 प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ था। आज भी भारतीय मुद्रा अपनी बढ़त को बरकरार रखे हुए है। आज सुबह इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट खुलते ही डॉलर इंडेक्स की मजबूती और आयातकों की डॉलर डिमांड के कारण रुपये पर



हल्का दबाव देखा गया। इसी दबाव की वजह से शुरुआती सत्र में भारतीय रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 4 पैसे टूट कर 93.73 प्रति डॉलर के स्तर पर खुला। कमजोर शुरुआत होने के बाद इक्विटी मार्केट में विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से शुरू हुई लिवाली के कारण फॉरेक्स मार्केट में भी डॉलर का इनफ्लो (आवक) तेज हो गया, जिससे रुपये की स्थिति में सुधार होने लगा। सुबह 10:45 बजे तक का कारोबार होने के बाद भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 93.62 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रही थी। अमेरिकी डॉलर में आई इस तेजी के पीछे फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की बढ़ती आशंकाओं को मुख्य वजह माना जा रहा है। इसके चलते दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स उछल कर अपने एक महीने के ऊपरी स्तर के करीब पहुंच गया है। इस समय डॉलर इंडेक्स 103.05 के स्तर पर मजबूती के साथ कारोबार कर रहा है, जिससे एशियाई मुद्राओं पर दबाव बना हुआ है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आई इस मामूली सुस्ती के बीच अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं की तुलना में भी भारतीय रुपये में मिला-जुला और सीमित दायरे का कारोबार देखा जा रहा है।

'बिग बॉस' फेम मनीषा रानी के छठ पूजा वीडियो पर मचा घमासान



'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' के जरिए घर-घर में अपनी एक खास पहचान बनाने वाली लोकप्रिय सोशल मीडिया स्टार और अभिनेत्री मनीषा रानी अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। मूल रूप से बिहार से ताल्लुक रखने वाली मनीषा की लोक आस्था के महापर्व छठ के प्रति गहरी श्रद्धा है, जिसका इजहार वह हर साल सोशल मीडिया के माध्यम से करती नजर आती हैं। इस बार भी छठ महापर्व के आधिकारिक रूप से शुरू होने से पहले ही मनीषा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस पावन पर्व से जुड़ा एक वीडियो साझा किया है, जिसके सामने आने के बाद इंटरनेट पर एक नई बहस छिड़ गई है और लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। सामने आए इस वीडियो में मनीषा रानी पारंपरिक परिधान में पानी के भीतर सूप लेकर खड़ी नजर आ रही हैं। वीडियो के दृश्यों में वह पूरी तल्लीनता के साथ सूर्य देव को अर्घ्य देती हुई दिखाई दे रही हैं और इस दौरान वह काफी भावुक मुद्रा में भी नजर आती हैं। जैसे ही यह वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हुआ, उनके प्रशंसकों के साथ-साथ कई सामान्य यूजर्स ने भी इस पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। चूंकि मुख्य छठ महापर्व इस वीडियो के आने से कुछ समय बाद शुरू होने वाला था, इसलिए कई लोगों ने हैरानी जताते हुए यह सवाल किया कि आखिर यह वीडियो किस समय का है। वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने तीखा तंज कसते हुए लिखा, 'हे भगवान, व्यूज और लाइक्स हासिल करने के लिए हर साल इस तरह की एक्टिंग करना क्या वाकई जरूरी है?' सोशल मीडिया पर इस तरह के तमाम सवाल उठाए जा रहे हैं, जहां कुछ लोगों का मानना है कि पर्व से पहले इस तरह के वीडियो शूट करना केवल पब्लिसिटी पाने का एक जरिया मात्र है। हालांकि, दूसरी तरफ मनीषा के चाहने वालों और उनके प्रशंसकों का एक बड़ा वर्ग उनके समर्थन में भी उतरा है। कई लोगों ने इस वीडियो की खूबसूरती की सराहना करते हुए सकारात्मक टिप्पणियां की हैं। एक प्रशंसक ने उनकी तारीफ करते हुए लिखा, 'यह दृश्य बेहद सुंदर और पावन है, आपकी श्रद्धा को देखकर सचमुच दिल खुश हो गया, छठी मैया हमेशा आप पर अपनी कृपा बनाए रखें।' वहीं एक अन्य यूजर ने उनकी तुलना करते हुए लिखा कि इस पारंपरिक लिबास में वह बिल्कुल किसी नई नवेली दुल्हन की तरह बेहद प्यारी लग रही हैं। गौर करने वाली बात यह है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पिछले वर्षों में भी यह देखा गया है कि मनीषा ने छठ पर्व के अवसर पर इस तरह के वीडियो शूट किए हैं और उन्हें साझा किया है।

आयुष्मान-शर्वरी की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का छठ गीत 'बुलाए छठी मां' रिलीज, सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस



सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बन रही बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना 'बुलाए छठी मां' हाल ही में रिलीज किया गया है। छठ महापर्व के पावन अवसर पर सामने आए इस गाने में अभिनेता आयुष्मान खुराना और अभिनेत्री शर्वरी की नई जोड़ी स्क्रीन पर नजर आ रही है। गाने के दृश्यों में छठ पूजा से जुड़ी तैयारियों और घाट के माहौल को दर्शाया गया है, जहां महिलाएं मिलकर काम करती दिखती हैं। इसके अलावा वीडियो में आयुष्मान खुराना द्वारा शर्वरी को नाक से लेकर माथे तक सिंदूर लगाने के दृश्यों को भी फिल्माया गया है। इस गाने में गीता अग्रवाल शर्मा, सौम्या टंडन और सुरभि तिवारी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। संगीत की बात करें तो इसे मशहूर संगीतकार हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल मनोज मुंतशिर द्वारा लिखे गए हैं। इस गाने को अपनी सुरीली आवाज श्रेया घोषाल और केशव आनंद ने दी है। गाने के रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों और सोशल मीडिया यूजर्स के बीच मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। जहां कुछ लोगों ने इस बात पर खुशी जताई है कि अब मुख्यधारा की हिंदी फिल्मों में भी लोक पर्वों को प्रमुखता दी जा रही है, वहीं एक बड़े वर्ग ने गाने के संगीत और पारंपरिक भावना को लेकर निराशा भी व्यक्त की है। कई दर्शकों का मानना है कि इस गीत में पारंपरिक छठ गीतों जैसी गहरी आत्मीयता और असली भक्ति भाव की कमी खलती है, जिसकी पहचान महान गायिका शारदा सिन्हा के गीतों से जुड़ी रही है। आलोचकों का कहना है कि दृश्यों की भव्यता के बावजूद संगीत और बोलों में लोक संस्कृति की वह सोंधी महक महसूस नहीं होती। राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही इस फिल्म के जरिए उनका लोकप्रिय और प्रतिष्ठित किरदार 'प्रेम' पूरे बारह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रहा है। फिल्म में आयुष्मान खुराना पहली बार 'प्रेम' के प्रतिष्ठित किरदार में नजर आएंगे और उनके साथ शर्वरी पहली बार स्क्रीन साझा कर रही हैं। पारिवारिक मूल्यों, परंपराओं और भव्य सेटों के लिए पहचानी जाने वाली यह फिल्म आगामी 27 नवंबर 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

जैकी श्रॉफ और शरद केलकर की 'काली खेती' का ट्रेलर जारी

ग्रामीण परिवेश में दिखेगा खौफनाक रहस्य



आगामी मनोवैज्ञानिक ग्रामीण हॉरर फिल्म 'काली खेती' का रोमांचक ट्रेलर निर्माताओं द्वारा जारी कर दिया गया है, जिसमें दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ और शरद केलकर पहली बार एक अनोखे अंदाज में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे रहस्यमयी और खौफनाक गांव के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां खेती-बाड़ी और अलौकिक शक्तियों का अजीब संगम देखने को मिलता है। ट्रेलर इस बात की झलक पेश करता है कि जिस उपजाऊ जमीन से ग्रामीणों को जीवन और आजीविका मिलती है, वही जमीन किसी अज्ञात शक्ति के साये में आकर उनके लिए सबसे बड़े डर का केंद्र बन जाती है। पारंपरिक भूत-प्रेत की कहानियों से बिल्कुल हटकर इस फिल्म में खेती की प्रक्रिया को मनोवैज्ञानिक तनाव और रहस्य के केंद्र में रखा गया है, जो दर्शकों के बीच गहरी उत्सुकता जगाता है। ट्रेलर में खेतों और वहां के निवासियों के बीच के अनसुलझे रहस्यों की ओर इशारा किया गया है, जहां जमीन के भीतर दबे राज बेहद भयानक रूप ले लेते हैं। फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर पिता-पुत्र की भूमिका निभा रहे हैं, जहां अपने दमदार अभिनय से जैकी इस डरावने माहौल को प्रभावशाली बनाते हैं, वहीं शरद केलकर एक किसान के रूप में अपने गंभीर और परतदार किरदार से कहानी को गहराई प्रदान करते हैं। हारिस इम्तियाज खान द्वारा लिखित व निर्देशित तथा सना खान द्वारा निर्मित इस फिल्म में नेहा सरगम, वीरेंद्र सक्सेना और शाजी चौधरी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। 'ब्लैक कैनवस स्टूडियो' के बैनर तले तैयार हुई यह फिल्म आगामी 20 नवंबर 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।


इम्तियाज अली की नई वेब सीरीज 'ओ साथी रे' की रिलीज डेट घोषित, अदिति राव हैदरी और अविनाश तिवारी आएंगे नजर





प्यार और मानवीय रिश्तों की जटिलताओं को बेहद संवेदनशीलता से पर्दे पर उतारने के लिए पहचाने जाने वाले फिल्मकार इम्तियाज अली अब एक नई वेब सीरीज 'ओ साथी रे' लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में एक ऐसे प्रेम की कहानी दिखाई जाएगी, जहां दोनों तरफ से भावनाओं का पलड़ा कभी एक समान नहीं रहा। निर्माताओं ने इस बहुप्रतीक्षित सीरीज की ओटीटी रिलीज की तारीख की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत इसकी दमदार स्टारकास्ट है, जिसमें अदिति राव हैदरी, अविनाश तिवारी और अर्जुन रामपाल मुख्य भूमिकाओं में अभिनय करते दिखाई देंगे। 'ओ साथी रे' के क्रिएटर और लेखक स्वयं इम्तियाज अली हैं, जबकि इसके निर्देशन की कमान आरिफ अली ने संभाली है। 'विंडो सीट फिल्म्स' के बैनर तले बनने वाली इस वेब सीरीज का निर्माण इम्तियाज अली, मोहित चौधरी और शिबाशीष सरकार ने मिलकर किया है। सीरीज की कहानी एक ऐसे शादीशुदा जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है जो तलाक लेने की कगार पर है, लेकिन अलगाव की इस प्रक्रिया के बीच उनके दिलों में एक-दूसरे के प्रति फिर से पुराना लगाव जागने लगता है। इसमें गहरे और बहुआयामी किरदारों के माध्यम से रिश्तों के भीतर चल रहे भावनात्मक असंतुलन, व्यक्तिगत पहचान की तलाश और आपसी समझ के नाजुक पहलू को दर्शाया गया है। निर्माताओं का मानना है कि यह शो पारंपरिक प्रेम कहानियों से हटकर मोहब्बत को एक बेहद परिपक्व दृष्टिकोण से सामने रखता है। आज के दौर में जब रिश्ते तेजी से बदल रहे हैं, यह कहानी उन अनकही भावनाओं को छूने का प्रयास करती है जिन्हें अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। इसमें यह भी दिखाया गया है कि कैसे समय और परिस्थितियां दो लोगों के बीच की दूरी को कम या ज्यादा कर सकती हैं। अपने इस नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए इम्तियाज अली ने कहा कि यह एक आधुनिक रोमांटिक शो है, जिसकी आत्मा पुराने दौर जैसी है। उनके अनुसार, कई बार प्यार हमें ऐसी परिस्थितियों में हैरान कर देता है जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की होती। उन्होंने यह भी साझा किया कि किसी रिश्ते में दोनों लोगों का योगदान हमेशा बराबर हो यह जरूरी नहीं है, और कई बार समाज की नजरों में 'परफेक्ट कपल' कहलाने का दबाव ही सबसे बड़ा बोझ बन जाता है। इम्तियाज के मुताबिक, प्यार जहां एक ओर साथ आने और सपने देखने का नाम है, वहीं दूसरी ओर यह किसी को आजाद करने की प्रक्रिया भी हो सकती है। इस शो के सभी किरदार वास्तविक जीवन से प्रेरित और बेहद संवेदनशील हैं, जिन्हें पर्दे पर जीवंत करने के लिए बेहद अनुभवी और प्रतिभाशाली कलाकारों का चयन किया गया है। अदिति राव हैदरी, अविनाश तिवारी और अर्जुन रामपाल की तिकड़ी पहली बार इस तरह के अनूठे और गहरे किरदार में एक साथ नजर आने वाली है, जिसे लेकर दर्शकों और समीक्षकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। अविनाश तिवारी और इम्तियाज अली की जोड़ी इससे पहले भी अपनी संवेदनशील कहानियों से दर्शकों का दिल जीत चुकी है, वहीं अदिति राव हैदरी की सहज अदाकारी और अर्जुन रामपाल का गंभीर व्यक्तित्व इस कहानी को और अधिक प्रभावशाली बनाएगा। डिजिटल मनोरंजन की दुनिया में इम्तियाज अली की कहानियों का हमेशा से एक अलग दर्शक वर्ग रहा है, जो उनकी फिल्मों और सीरीज में जीवन के दर्शन और संगीत की गहराई तलाशता है। इस सीरीज के जरिए भी वे एक बार फिर रिश्तों की उलझी हुई डोर को बेहद खूबसूरती से सुलझाते हुए नजर आएंगे। इम्तियाज अली द्वारा लिखित और सह-निर्मित यह वेब सीरीज आगामी 4 दिसंबर 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी।

डेस्क जॉब करने वाली महिलाएं इन पांच योगासनों को करें अपनी दिनचर्या में शामिल



डेस्क जॉब करने वाली महिलाओं को अक्सर कमर दर्द, गर्दन दर्द और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। योग इन समस्याओं से राहत पाने का एक बेहतरीन तरीका है। कुछ सरल और असरदार योगासन आपकी दिनचर्या का हिस्सा बन सकते हैं। इन आसनों को आप ऑफिस में भी कर सकती हैं, जिससे आपका शरीर और मन, दोनों स्वस्थ रहेंगे। आइए आज हम आपको 5 ऐसे योगासनों के बारे में बताते हैं।



ताड़ासन एक सरल, लेकिन असरदार योगासन है। इसे करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़ी हो जाएं और दोनों पैरों को आपस में मिला लें। हाथों को आसमान की ओर सीधा उठाकर उंगलियों को आपस में फंसाएं, फिर धीरे-धीरे सांस लेते हुए पंजों के बल खड़ी हों और शरीर को ऊपर की ओर खींचें। इस स्थिति में कुछ सेकंड रहने के बाद सांस लेते हुए धीरे-धीरे नीचे आएं। यह आसन शरीर को लचीला बनाता है और मानसिक शांति देता है। भुजंगासन को सांप की मुद्रा भी कहा जाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले अपने हाथों को कंधों के बराबर लेकर जमीन पर रखें और धीरे-धीरे सांस लेते हुए अपने शरीर को जितना संभव हो सके, उतना ऊपर उठाएं। इस मुद्रा में कुछ देर रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आएं। यह आसन रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है और गर्दन दर्द से राहत दिला सकता है। इसके अलावा यह मानसिक शांति भी प्रदान कर सकता है। बालासन एक आरामदायक मुद्रा वाला योगासन है, जो तनाव मुक्त करने में मदद कर सकता है। इसे करने के लिए सबसे पहले जमीन पर घुटनों के बल बैठें और माथे को जमीन से सटाएं। दोनों हाथों को जमीन पर सामने की ओर फैलाएं। कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं। यह आसन पीठ दर्द को कम कर सकता है और मानसिक शांति भी प्रदान कर सकता है। वृक्षासन संतुलन बनाए रखने वाला योगासन है, जिसे करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़ी हो जाएं। फिर हाथों की मदद से दाएं पैर का तलवा बाएं जांघ पर रख लें। अब दोनों हाथों को सिर के ऊपर ले जाते हुए नमस्कार की अवस्था में आ जाएं। इस अवस्था में जितना संभव हो सके उतना देर तक रूकें, फिर धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं। इसके बाद इस प्रक्रिया को विपरीत पैर से दोहराएं। अधोमुख श्वानासन को नीचे की ओर देखने वाले कुत्ते की मुद्रा के नाम से भी जाना जाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले जमीन पर वज्रासन की मुद्रा में बैठें, फिर सामने की तरफ झुकते हुए दोनों हाथों को जमीन पर रखें और गहरी सांस लेते हुए कमर को ऊपर उठाएं। इस मुद्रा में शरीर का पूरा भार हाथों और पैरों पर होना चाहिए। कुछ मिनट इसी अवस्था में रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

मां बनने वाली हैं ढिंचैक पूजा, शादी के छह महीने बाद प्रेग्नेंसी का ऐलान



अपने अनोखे अंदाज और वायरल गानों के जरिए हमेशा सुर्खियों में रहने वाली 'बिग बॉस 11' फेम ढिंचैक पूजा एक बार फिर से चर्चा के केंद्र में आ गई हैं। अपने खास और अनूठे गायन अंदाज से रातों-रात इंटरनेट सेंसेशन बनीं पूजा के जीवन में अब एक नई और बेहद खूबसूरत शुरुआत होने जा रही है। उन्होंने अपने पति और सिंगर यवान के साथ अपनी पहली प्रेग्नेंसी की खुशखबरी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दुनिया के साथ साझा की है। अपनी शादी के करीब छह महीने बाद ही पूजा द्वारा दिए गए इस बड़े ऐलान के बाद उनके चाहने वाले और तमाम सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें लगातार बधाइयां दे रहे हैं। पूजा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक प्यारा सा वीडियो साझा किया है, जो उनके बेबी शावर यानी गोद भराई के समारोह का प्रतीत हो रहा है। इस वीडियो में वह खूबसूरत गुलाबी रंग के पारंपरिक परिधान में नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर मातृत्व का एक अलग ही तेज साफ झलकता दिखाई दे रहा है। वीडियो की एक क्लिप में वह हाथ में एक सुंदर गुब्बारा थामे हुए नजर आ रही हैं, जिस पर अंग्रेजी में 'बेबी बॉय' लिखा हुआ है। इसके अलावा, एक अन्य तस्वीर में वह एक विशेष स्टिकर के साथ अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं, जिस पर लिखा है, 'आई लव माय मम्मी।' इस मनमोहक वीडियो के साथ कैप्शन में पूजा ने बेहद सादगी से लिखा है कि उनका बच्चा जल्द ही इस दुनिया में आने वाला है।

Uttarakhand's Jenny Case Takes a Turn, New Character Rajkumar Appears... Politics Heats Up

DEHRADUN, Agency. The Jenny case, which resurfaced in Uttarakhand politics after 23 years, is taking a new turn every day. So far, discussions centered around the claims of former minister Harak Singh Rawat and Indira Deori alias Jenny, who accused him, but now a new name has emerged.

In fact, Jenny obtained a birth certificate for her child from the health section of the Dehradun Municipal Corporation on August 9, 2011. In the affidavit submitted in this regard, she listed her child's name as Anshu and husband's name as Rajkumar Tiwari. Consequently, a question has also started floating in



the air: who on earth is this new character Rajkumar

Gave Birth to Child at Doon Hospital's Women's Hospital in 2003

Jenny, a resident of Tinsukia district in Assam, gave birth to a child on June 9, 2003, at the Women's Hospital of Doon Hospital. At that time, she was living at Nari Niketan, Dehradun. Jenny accused then-minister Harak Singh Rawat of being the father of her child, causing an earthquake in Uttarakhand politics.

The matter was raised vociferously in the assembly. Harak Singh categorically rejected Jenny's allegations, resigned from his ministerial post, and announced he would not enter the house until proven innocent. Subsequently, a CBI investigation into the case cleared Harak Singh. This case resurfaced after 23 years when Jenny, arriving in Dehradun, alleged in a press conference on November 7 that her child's father is none other than former minister Harak Singh Rawat. Following this, Harak Singh also rejected Jenny's allegations during media interactions, terming them a BJP conspiracy.

DRI's Major Action Against Illegal Trade, 13 Thousand E-Cigarettes Seized at Mumbai's Nhava Sheva Port



MUMBAI, Agency. In a crackdown against illegal trade, Directorate of Revenue Intelligence (DRI) officials seized around 13,000 electronic cigarettes at the Jawaharlal Nehru Port Trust (JNPT) or Nhava Sheva Port in Mumbai, valued at over 4 crore. Electronic cigarettes are banned in India.

The Ministry of Finance stated that in the current financial year 2026-27, the DRI has seized around 3,55,000 e-cigarettes in Maharashtra, Gujarat, Delhi, and Bengal, valued at over 135 crore.

In another operation, DRI officials seized foreign currency worth 3.12 crore being smuggled out of the country at Kolkata airport and arrested seven accused in the case.

29- Year-Old Man Jumps into Yamuna River Near Kalindi Kunj, Search Ongoing



NEW DELHI, Agency. A case has emerged of a 29-year-old man jumping into the Yamuna River near Kalindi Kunj. Rescue teams have been engaged in searching for the man ever since the information was received. Currently, the whereabouts of the man could not be traced through the search.

Rajesh Kumar Sinha, Sub-Divisional Warden of South-East District, stated that relevant agencies were alerted as soon as the information was received. Rescue teams are continuously searching for the man in the Yamuna.

Step Towards Saving Groundwater, Two Projects Worth 100 Crore Approved; Water to Reach 90 Thousand Acres

CHANDIGARH, Agency. To reduce farmers' dependence on groundwater and strengthen canal irrigation systems in Punjab, the state government has approved two projects worth 100.65 crore, which will provide canal water to over 90,000 acres of agricultural land. Water Resources Minister Barinder Kumar Goyal shared this information at Punjab Bhawan on Monday.

Under the first project, the nearly 60-year-old 1-R distributary will undergo concrete lining at a cost of 64.11 crore. This will benefit approximately 69,967 acres of agricultural land across roughly 80 villages



in Fatehgarh Sahib and Patiala districts. The water-carrying capacity of the distributary will be increased from 154.50 cusecs to 248.69 cusecs, with 40 crore allocated for it in the current financial year.

The second project is the 36.54 crore Kapuri Lift Irrigation Scheme, under which 20,719 acres across 20 villages bordering Haryana in Patiala district will receive canal water for the first time. These include Kapuri, Sarala Kalan, Kamalpur, Sonta, Rampur, Chamaru, Tahirpur, Jharwan, Narayangarh, and Shekhupura, among other villages. Water will be lifted and delivered directly to fields via a pipeline network, with an initial phase expenditure proposal of 4 crore.

Need to Increase Canal Capacity

Goyal stated that water allocation in the Bhakra Main Line system has been increased from 2.04 to 3.05 cusecs per thousand acres, necessitating an increase in canal capacity. Lining the 1-R distributary will stop water seepage and improve supply. According to the minister, the government has spent around 7,500 crore so far on strengthening canal irrigation infrastructure.

Train Accident in Assam, 6 Coaches of Sairang-Kolkata Express Including Engine Derail; Rescue Operation Ongoing

GUWAHATI, Agency. A major train accident occurred in Assam on Wednesday morning. Five coaches and the engine of the Kolkata-Sairang Express derailed near Digaru on the outskirts of Guwahati. According to communication agency ANI, this passenger train traveling from Mizoram to Kolkata derailed along with its locomotive.

Accident Occurred at 06:54 AM

Northeast Frontier Railway stated, 'On the morning of November 11, at approximately 06:54 AM, train number 13125 Kolkata-Sairang Express was being detained at Digaru railway station in Assam to make way for another train. During this time, the



loco pilot could not control the speed of the train, causing it to derail. No fatalities have been reported yet, but several passengers are feared injured.'

According to communication agency PTI, 'Reports of several passengers being injured have emerged, but the exact number of injured and the cause of the derailment are yet to be ascertained.' An official stated that a recovery train has been dispatched to the spot for rescue work and clearing the tracks.

The engine and 5 coaches derailed in this accident. Passengers are being transported to their destination via another train.

Relief and rescue operations were started immediately, and the General Manager and other officials have departed for the accident site. found Tuesday evening at the Patai Ghat of the Narmada River in Raisen district, Madhya Pradesh, has sparked curiosity among villagers. The stone-like structure resembles the jaw of a giant creature.

It features tooth-like structures, 11 on one side and 7 on the other. Villagers suspect it could be a fossil of a mammoth elephant jaw dating back thousands of years, though this has not been scientifically confirmed.

Go to Ram Mandir on December 6, Not 12... BJP Jabs Akhilesh Yadav's Ayodhya Visit



LUCKNOW, Agency. The BJP has launched an attack regarding discussions surrounding SP chief Akhilesh Yadav's visit to Ayodhya. State President Pankaj Chaudhary stated that if Akhilesh feels true repentance, he should visit Ram Lalla on December 6 instead of the 12th, and apologize for the killing of hundreds of Ram devotees. Pankaj Chaudhary said that instead of political gimmicks in the name of Lord Shri Ram, Akhilesh should answer for his past and his party's deeds. The public has not forgotten the sacrifice of Ram devotees, and his political showmanship cannot wash away past sins, adding that Akhilesh cannot escape his past actions by masquerading as a devotee of Ram.

Mental Health Institutions in Keralam Given New Identity, Will Now Be Called 'Regional Institute for Happiness and Wellness

KOCHI, Agency. Mental health centers run by the Kerala government are getting a new identity. The state government has finalized the names of its three major institutions located in Thiruvananthapuram, Thrissur, and Kozhikode as 'Regional Institute for Happiness and Wellness'.

Informing the High Court on Tuesday, the government stated that this name was finalized after consultations with stakeholders, including medical organizations that had earlier objected to the proposal.

Advocate General K. Jaju Babu told the bench of Justice Devan Ramachandran and Justice Basant Balaji that a formal government order is being issued in this regard. The court directed the state government to place this order on record during the next hearing. However, the High Court made it clear that merely changing the names of institutions will not suffice; improving their infrastructure and functioning methods is also essential. The bench identified four areas requiring the government's immediate intervention: the bench expressed special concern over delays in constructing boundary walls, stating that ensuring campus security is essential to maintaining



the integrity of the institution.

The bench warned that if the government fails to take concrete steps, contempt proceedings could be initiated against it. The Advocate General assured the court that the supply of medicines has been streamlined and vehicle arrangements are expected within a couple of weeks. On the issue of staff shortages, the government requested two more weeks, explaining that the newly appointed Health and Family Welfare Secretary needs more time to review relevant files. Earlier, when the government proposed naming these centers 'Happiness and Wellness Centers', the Indian Medical Association and the Indian Psychiatric Society objected. Subsequently, the High Court permitted both organizations to present their concerns before the relevant authorities.

Pollution Havoc in Delhi After Diwali, Rush of Respiratory Patients Increases in Hospitals

NEW DELHI, Agency. The impact of rising air pollution in Delhi after Diwali has now increased the number of respiratory and eye patients in hospitals. The number of patients arriving with complaints of respiratory issues in various hospitals across the capital has increased by about 10 to 15 percent.

Patients suffering from pollution-related illnesses are also arriving at hospitals in East, West, Outer, and South Delhi. Complaints of breathing difficulty, coughing, asthma, eye irritation, and allergies are on the rise. A greater impact is visible on children, the elderly, and pre-existing illness patients.

Over 200 Patients Arrive at DDU

At Deen Dayal Upadhyaya (DDU) Hospital located in Hari Nagar, West Delhi, around 200 patients have arrived in emergency and OPD with various pollution-related problems.

These include patients complaining of breathing trouble, asthma, severe eye irritation, and allergies, with a high



proportion of elderly, children, and pre-existing illness patients.

Patients Also Increased in Outer Delhi

More than 200 patients are arriving at Baba Saheb Ambedkar Hospital with respiratory and eye-related problems. Most of the children arriving at the hospital are suffering from illnesses like eye irritation, asthma, bronchitis, and pneumonia. Doctors stated that the number of patients may increase further in the coming days.

Over 100 Patients Daily at GTB

Over 100 patients are arriving daily at GTB Hospital in East Delhi with respiratory problems. Dr. Surendra Bisht, Head of the Pediatrics Department at Swami Dayanand Government Hospital, stated that children are severely affected by pollution, with most child patients suffering from respiratory diseases such as asthma, bronchitis, and pneumonia. He stated that due to festivals, the OPD patient count has been low, but patient numbers may increase further in the coming days.